

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार, 07 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-009 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 08 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## कन्याभोज में गई बच्ची की कार में मिली लाश

### हत्या की आशंका,लोगों ने संदिग्ध के घर व कार में लगाई आग, मोहननगर थाना पर पथराव,शव लेकर थाना के सामने बैठे परिजन

**दुर्ग,7 अप्रैल**

दुर्ग में कार की डिक्की में 6 वर्षीय मासूम बच्ची की लाश मिलने से दुर्ग में तनाव हो गया है। मोहन नगर थाना क्षेत्र में कार में मासूम बच्ची का शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश फूटा है. बच्ची सुबह घर से कन्याभोज के लिए निकली थी. शाम तक नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की. इस दौरान मोहल्ले के ही एक युवक की कार में बच्ची की लाश मिली. परिजनों ने मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है.दरअसल, नवरात्रि के अंतिम दिन कन्याभोज के लिए सुबह करीब 9 बजे 6 साल की मासूम बच्ची घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वह वापस नहीं लौटी. परेशान परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन कुछ भी पता नहीं चला. खोजबीन करते हुए शाम को घर के पास पार्क में कार की डिक्की से बच्ची की लाश मिली. इसकी जानकारी मिलते ही लोग आक्रोशित हो गए, और कार मालिक के घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण किया. पुलिस ने बच्ची के शव को जिला अस्पताल पहुंचाया. पुलिस ने लोगों को समझाइश देने के बाद संदेही युवक को हिरासत में लिया. हालांकि पुलिस के आश्वासन के बाद भी लोगों की नाराजगी कम नहीं हुई. वहीं परिजनों ने आरोपी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है. इसके बाद देर रात मोहल्ले के लोगों ने संदेही के घर पर आग लगा दी. इसकी सूचना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस मौके पहुंची. आग लगाने के बाद घर में मौजूद लोगों ने मुश्किल से अपनी जान बचाई. आगजनी में घर के बाहर खड़ी बाइक पूरी तरह से जल गई. हालांकि पुलिस की मौजूदगी में आग पर काबू पाया गया. फिलहाल घटना स्थल के आसपास भारी पुलिस बल तैनात है. प्रत्यक्षदर्शी महिला मीना यादव के मुताबिक बच्ची की लाश कार की सीट के नीचे मिली है. शरीर में चोट के निशान थे. मुंह और नाक से खून भी बह रहा था. पैर भी मुड़ा हुआ था. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है.आज सुबह सैकड़ों लोगों ने मोहन नगर थाने का घेराव कर पथराव शुरू कर दिया था। यहां अतिरिक्त बल बुलानी पड़ी। संदिग्धों को पुलिस जब वाहन में बैठाकर अज्ञात स्थान की ओर ले जा रही थी तब लोगों का गुस्सा भड़क उठा तथा यहां हंगामा हो गया। भीड़ थाने में भी घुस गई थी।



### दोषी पर होगी कड़ी कार्रवाई मंत्री टंकराम वर्मा

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने घटना की कड़ी निंदा की और बच्ची की मौत पर दुख जताया है. उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कड़ी कार्रवाई होगी. जो भी दोषी है उसे बख्शा नहीं जाएगा, त्वरित कार्रवाई की जा रही है. सबको निष्पक्ष न्याय दिया जा रहा है. **भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव** ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और अनाचार में डूबे कांग्रेसी इस घटना पर राजनीतिक कर रहे हैं. **कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला** ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर हो गई है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। अपराधियों का बोलबाला है।

## संक्षेप

### पूनम गुप्ता आरबीआई की डिप्टी गवर्नर बनीं

**नई दिल्ली,7 अप्रैल।** डॉ. पूनम गुप्ता आरबीआईकी डिप्टी गवर्नर बन गई हैं। भारत सरकार ने 2 अप्रैल को डॉ. पूनम गुप्ता को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। वे प्रधानमंत्री की इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल की सदस्य हैं। डॉ. पूनम का कार्यकाल 3 साल का होगा। 5 अप्रैल को आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक से पहले ये नियुक्ति की गई है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद पर 14 साल बाद किसी महिला की वापसी हुई है। दिल्ली की अर्थशास्त्री पूनम गुप्ता को यह जिम्मेदारी दी गई है। अभी वह नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च की डायरेक्टर जनरल और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की पार्ट-टाइम मेंबर हैं।

### 6 साल के बेटे की हत्या कर पिता ने की आत्महत्या

**धमतरी,7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में बीती रात एक सनकी पिता ने अपने 6 साल के मासूम बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी और फिर खुदखुशी कर ली. इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. कलयुगी पिता अपने बेटे को दम तोड़ने तक जमीन पर पटकता रहा और बेटे की हत्या के बाद उसने खुद फांसी लगाकर जान दे दी. इस घटना के पीछे का कारण अब तक पता नहीं चल सका है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों के शव को पीएम के लिए भेज दिया है. SSL की टीम मामले की जांच में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, यह पूरा मामला अर्जुनी थाना इलाके के बोड़रा गांव का है. यहां मृतक पिता गोपेश्वर साहू ने रामनवमी की रात अपने बेटे की बेरहमी से जान ले ली. पुलिस की जांच के बाद ही इस घटना के पीछे का कारण सामने आ सकेगा.

### मुख्यमंत्री ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की

**रायपुर,7 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल के अवसर पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों और सेहत से जुड़े अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह हमें याद दिलाता है कि सेहत सबसे बड़ी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाकर स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकें। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी मिलकर स्वस्थ जीवन जीने के प्रति जागरूकता फैलाएँ और एक स्वस्थ भारत की ओर अग्रसर हों।

### देश के 72 मस्जिदों पर एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली,7 अप्रैल।** इस वक्त की बड़ी खबर सामने से आई है। देश के 72 मस्जिद पर एफआईआर दर्ज की गई है। ये FIR बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने दर्ज करवाई है। दरअसल बीजेपी नेता ने मुंबई के गोवंडी में 72 मस्जिदों पर अवैध लाउडस्पीकर लगाने के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सोमैया का दावा है कि ये लाउडस्पीकर बिना अनुमति के चलाए जा रहे हैं, जो ध्वनि नियंत्रण नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने सोशल मीडिया पर आरटीआई की कॉपी भी शेयर की है जिसमें मस्जिदों के नाम दिए गए हैं। मामले में बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने कहा कि मैंने 5 अप्रैल को मैंने गोवंडी के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि 72 मस्जिदों पर अनधिकृत लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि ये लाउडस्पीकर बिना किसी वैधानिक अनुमति के लगाए गए हैं, जो सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि नियंत्रण से संबंधित नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। पुलिस ने भी इसे स्वीकार किया और हमने मांग की है कि मस्जिदों पर अवैध लाउडस्पीकर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



### इधर एक प्यारी सी तस्वीर

**बालोद.** गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह नन्ही बच्ची की चोटी बनाते नजर आ रहे हैं. अब यह वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है. वीडियो उनके गृह नगर अर्जुन्दा का बताया जा रहा है. नवरात्र के शुभ अवसर पर ज्योति विसर्जन में शामिल होने पहुंचे विधायक ने नन्ही बच्ची के बाल खुद संवारे, जो वहां मौजूद लोगों के दिल को छू गया.

## मणिपुर में कई आतंकी गिरफ्तार,हथियार बरामद

**मणिपुर,7 अप्रैल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कई जिलों में चलाए गए ऑपरेशनों में कई आतंकियों को पकड़ा गया और उनके पास से बड़ी संख्या में हथियार मिले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग इलाके से KCP संगठन का एक आतंकी पकड़ा गया। काकचिंग जिले के हियांगलाम से PPK संगठन का एक सदस्य गिरफ्तार हुआ। वहीं जिरिबम जिले में भी ऑपरेशन के दौरान आतंकियों के पास से हथियार मिले। थौबल और पूर्वी इंफाल जिलों में KCP (PWG) के दो आतंकियों को पिस्तौल और गोलियों के साथ पकड़ा गया। उनके पास M20 और 9mm पिस्तौल थीं। बिष्णुपुर जिले के लाइशोई हिल्स में सबसे बड़ी बरामदगी हुई। यहाँ से स्नाइपर राइफल, कारबाइन मशीन गन, .303 राइफल, 48 गोलियां, 2 ग्रेनेड और 2 बुलेटप्रूफ जैकेट जब्त किए गए। 4 अप्रैल को भी सुरक्षा बलों ने 4 आतंकियों को पकड़ा था। इनमें UNLF संगठन के दो लोग शामिल थे। ये लोग बिष्णुपुर जिले के नामबुल इलाके में एक व्यक्ति के अपहरण में शामिल थे। सुरक्षा बलों ने समय पर कार्रवाई कर उस व्यक्ति को बचा लिया।



### वक्फ कानून पर विवाद, मणिपुर में भाजपा नेता का घर जलाया

**नई दिल्ली,7 अप्रैल।** मणिपुर के थोउबल जिले में भीड़ ने भाजपा के मुस्लिम नेता अस्कर अली के घर पर हमला किया और उसे जला दिया। असकर अली ने नए वक्फ कानून का समर्थन किया था। घटना के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर माफी मांगी और सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की। अस्कर अली ने कहा - अगर मेरी बात से किसी की भावना आहत हुई हो तो मैं माफी चाहता हूं। मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि नए वक्फ कानून को वापस लिया जाए। उन्होंने अपनी पोस्ट में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं को टैग किया।

## कार पेड़ से टकराई, 2 शिक्षकों की मौत

**कोरबा,7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. दीपका थाना क्षेत्र में शादी से लौट रहे बारातियों की तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई. टक्कर इतनी जोरदार थी की कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार सेंट जेवियर स्कूल कोरबा के 2 शिक्षकों की मौके पर ही मौत हो गई और 2 अन्य स्टाफ गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान 31 वर्षीय हिमांशु सिंह (निवासी खरमोरा) और 30 वर्षीय शुभम दीप (निवासी एमपी नगर) के रूप में हुई है. दोनों शिक्षक सेंट जेवियर स्कूल से जुड़े थे. वहीं, उनके दो अन्य साथी चंद्रभान और सत्यदेव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए कोरबा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वे सभी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए दीपका शक्तिनगर गए हुए थे. देर रात जब वे वापस लौट रहे थे, तभी कुचेना मार्ग पर रात करीब 12 बजे उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई और वे हादसे का शिकार हो गए घटना की खबर लगते ही स्कूल स्टाफ, परिजन और शुभचिंतक अस्पताल और मौके पर पहुंच गए. हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है. बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार ही इस दर्दनाक हादसे की मुख्य वजह रही. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. वहीं, मृतकों के अंतिम संस्कार की तैयारी उनके परिजनों द्वारा की जा रही है.



## अमेरिका के एक्शन से बेचैन हुए चंद्रबाबू

### मोदी सरकार को लिखा खत

**हैदराबाद,7 अप्रैल।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ एक्शन से सिर्फ पीएम मोदी ही नहीं बल्कि केंद्र की सरकार में उनके साथी आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू भी बेचैन हो गए हैं। झींगा निर्यात को अमेरिकी टैरिफ से बचाने के लिए उन्होंने मोदी सरकार को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा है कि ये शुल्क एक ऐसा झटका है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। नायडू ने केंद्र से झींगा निर्यात को अमेरिकी टैरिफ के झटके से बचाने की अपील की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने लिखे पत्र में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से राज्य के जलीय क्षेत्र के लिए तत्काल सहायता की अपील की, जो अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि के प्रभाव से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि अचानक शुल्क वृद्धि के कारण राज्य का जलीय क्षेत्र बर्बाद हो सकता है। बता दें कि अमेरिका ने 5 अप्रैल से भारतीय समुद्री निर्यात पर 27 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है। यह कदम झींगा निर्यात को बुरी तरह प्रभावित करता है, जो व्यापार का 92 प्रतिशत हिस्सा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि जलीय क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और ये शुल्क एक ऐसा झटका है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। टीडीपी प्रमुख ने बताया कि शुल्क वृद्धि के कारण कोल्ड स्टोरेज भर गए हैं और निर्यातकों ने खरीद रोक दी है, जिससे राज्य के मत्स्य उद्योग पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका को खतरा है। नायडू ने यह भी कहा कि पहले से ही ऑर्डर के लिए पैक किए गए झींगा अब बंदरगाहों और कोल्ड स्टोरेज में फंसे हुए हैं, जिससे टैरिफ के कारण अप्रत्याशित लागत आ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर वियतनाम और थाईलैंड जैसे देश भारत से ऑर्डर रद्द कर रहे हैं.



## भारतमाला परियोजना की सीबीआई से जांच कराने महंत ने पीएम को पत्र लिखा

**रायपुर,7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र में लिखा है कि, छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत रायपुर विशाखापटनम प्रस्तावित इकनोमिक कॉरिडोर के सड़क निर्माण के लिए अनुविभाग अभनपुर जिला- रायपुर अन्तर्गत निजी भूमि के अधिग्रहण से मुआवजा राशि के निर्धारण तक की प्रक्रिया में विधि विरूद्ध कार्यवाही करते हुए, लोक सेवकों तथा भूमि स्वामियों के द्वारा आपराधिक षड़यंत्रपूर्वक भ्रष्टाचार किया गया हैं, जिसके कारण भारत सरकार को कम से कम रू. 43,18,27,627.00 की आर्थिक क्षति हुई है।



छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र फरवरी-मार्च 2025 में मेरे द्वारा एक तारांकित प्रश्न क्रमांक 226 किया गया था। इस प्रश्न का लिखित उत्तर 12 मार्च को माननीय राजस्व मंत्री जी के द्वारा दिया गया। इस तारांकित प्रश्न पर विधानसभा में चर्चा भी हुई। राजस्व मंत्री के लिखित उत्तर में यह स्वीकार किया गया है कि जांच रिपोर्ट के अनुसार फर्जी नामांतरण प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किये जाने से शासन को आर्थिक क्षति होना प्रतिवेदित किया गया हैं।

## पुलिस महकमे में मचा हड़कंप 110 आरक्षकों पर कार्रवाई

**भिलाई,7 अप्रैल।** भिलाई जिले में संदिग्ध आचरण और कार्य में लापरवाही पर सालभर में 110 पुलिस जवानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई एसपी जितेंद्र शुक्ला ने की है। इनमें ज्यादातर को लाइन अटैच किया गया है। कुछ जवानों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई भी की गई है। कुछ आरक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज उनके खिलाफ कार्रवाई की गई और जेल भेजा गया। जिले में पहली बार इतनी बड़ी कार्रवाई संदिग्ध आचरण करने वाले जवानों के खिलाफ की गई है। संदिग्ध आचरण की शिकायतें मिलने पर एसपी ने बाकायदा थानोंदारों की बैठक लेकर उन्हें हिदायत दी थी। उनके थाना क्षेत्रों में चल रही संदिग्ध गातिविधियों को सख्ती से बंद करने के निर्देश दिए थे। वाबजूद ऐसी शिकायतें बंद नहीं हुई तो उन्होंने कार्रवाई शुरू की।दुर्ग जिले में पदस्थ होने के बाद एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने आईजी रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में कानून व्यवस्था में कसावट लाने के लिए कवायद शुरू की। जुआ, सट्टा, कबाड़ी और नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस बीच उन्हें कई पुलिस कर्मचारियों के संदिग्ध आचरण की शिकायत मिली। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया। क्योंकि इससे पुलिस विभाग की बदनामी होती और जनता का विश्वास भी कमजोर होता। उन्होंने पहले पुलिस कर्मचारियों को अपना आचरण सुधारने का मौका दिया। उसके बाद भी शिकायत मिली तो उन्होंने सीधी कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों को सुधरने का मौका दिया गया, लेकिन वे सुधरना नहीं चाहते। ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करेंगे। सभी को निर्देशित किया गया है बेहतर पुलिसिंग पर फोकसे करें। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। - **जितेन्द्र शुक्ला, एसपी दुर्ग**

## कार-बाइक में टक्कर तीन दोस्तों की मौत

**रायगढ़,7 अप्रैल।** जिले के ग्राम कांशीचुआ में बीती रात एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब ये तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना कोतरा रोड थाना क्षेत्र की है। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अमित राठिया (20), तरुण राठिया (16) और रितेश राठिया (16) के रूप में हुई है। तीनों युवक छाल थाना क्षेत्र के निवासी थे और आपस में करीबी दोस्त बताए जा रहे हैं। वहीं, कार चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, कार चालक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची कोतरा रोड थाना पुलिस ने तीनों युवकों के परिजनों को सूचित कर उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा और मामले की जांच में जुट गई है। इस हादसे ने तीनों मृतकों के परिजनों को गहरे सदमे में डाल दिया है।



## घर के पास खड़ी दो कारों में लगी आग

**धमतरी ,7 अप्रैल।** घर के पास खड़ी दो कार में आधी रात अचानक आग लग गई। आगजनी से एक कार धूं-धूं कर जलकर खाक हो गई। जबकि पास में ही खड़ी एक अन्य कार में भी आग लगी, जिससे वह भी जल गई।इतना ही नहीं पास के घर भी आगजनी से प्रभावित हुआ है। मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। आगजनी की इस घटना से मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया। खबर पाकर फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और आगजनी को बुझाकर काबू पाया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रूद्री रोड में स्थित दुलारी नगर गली नंबर तीन में शनिवार की रात में अचानक आगजनी से ब्लास्ट की आवाज आई, तो मोहल्लेवासी उठकर देखा, तो तेजी से कार जल रहा था। कार मालिक बैंक मैनेजर को सूचना दी गई। कार को मोहल्लेवासियों ने बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग बढ़ने से कार जलकर खाक हो गई। खबर पाकर कार मालिक बैंक मैनेजर ने दमकल की टीम को सूचना दी। मौके पर दमकल की टीम पहुंची और आग को काबू में पा लिया। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घटना स्थल पर खड़ी एक अन्य कार भी जल गया। लोगों की मानें तो कार दुलारी नगर निवासी एक बैंक मैनेजर व उनकी पत्नी पंचायत सचिव की है। दोनों के अलग-अलग कार है। दोनों कार आगजनी से जल गया। कार मालिक योगेश देवांगन ने बताया कि वह अपने बलेनो कार से अपने पूरे परिवार के साथ दुर्गा अष्टमी के दिन शाम गंगरेल स्थित मां अंगार मोती माता मंदिर गए हुए थे। जहां से वापस रात आठ बजे लौटे और कार को घर के सामने ही रखे थे। अचानक आधी रात करीब 1.30 बजे आवाज आने लगी। बाहर निकलकर देखा तो आग बड़ा रूप ले चुका था। इसके बाद उन्होंने अपने दोस्तों को फोन किया। मोहल्लेवासी सहित दोस्तों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन काबू नहीं पाया गया। फिर दमकल की टीम को सूचना दी गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू में पा लिया। योगेश देवांगन ने बताया कि बलेनो कार जलकर राख हो गया, जिसे वह पुराना साढे पांच लाख रुपये में वर्ष 2023 में खरीदे थे। वहीं 2020 में क्वीड कार को नया खरीदा था। पास में रखे दूसरे कार के सामने का हिस्सा जल गया है। आग भयानक होने से पास के एक अन्य घर को भी क्षति हुई है। क्वीड कार में आग कम लगा नहीं, तो वह भी ब्लास्ट हो सकता था।



## वक्फ बिल को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई से सुको का इंकार

**नई दिल्ली,7 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक व्यवस्था मौजूद है। याचिका में नए अधिसूचित वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है और केंद्र को कानून को लागू करने को स्थगित करने के निर्देश देने की मांग की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी द्वारा दायर याचिका का उल्लेख किया।

सिब्बल ने पीठ से मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने पर विचार करने का आग्रह किया, जिसमें कई याचिकाओं द्वारा उठाई गई चिंताओं को उजागर किया गया। हालांकि, सीजेआई ने दोहराया कि सभी जरूरी मामले दोपहर में उनके समक्ष रखे जाएंगे और अदालत तदनुसार उन्हें सूचीबद्ध करने पर निर्णय लेगी। बार-बार मौखिक उल्लेख की आवश्यकता पर सवाल उठाते हुए, सीजेआई ने कहा, जब हमारे पास एक प्रणाली है तो आप उल्लेख क्यों कर रहे हैं? उन्होंने आश्वासन दिया कि दोपहर में मामलों की समीक्षा की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



केंद्र द्वारा कानून की अधिसूचना के बाद से वक्फ अधिनियम संशोधन से उत्पन्न कई याचिकाओं का उल्लेख शीर्ष अदालत के समक्ष किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे पहले दोनों सदनों में गरमागरम बहस के बाद संसद द्वारा पारित किया गया था। इस अधिनियम की वैधता को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में अनेक याचिकाएं दायर की गई हैं, जिनमें से एक याचिका समस्त केरल जमीयतुल उलेमा की है।

## एक नजर

### भाजपा स्थापना दिवस पर जिपं सदस्यों ने छत पर बीजेपी का झंडा लगाया



**कवर्धा, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सभापति दीपा पप्पू धुर्वे और जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि और युवा मोर्चा जिला बीजेपी अध्यक्ष मनीराम साहू ओर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने भाजपा स्थापना दिवस पर अपने अपने घरों की छत पर बीजेपी का झंडा लगाया।

### मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहा आरोपित गिरफ्तार



**भिलाई, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वैशाली नगर थाने पुलिस ने बीसीजी स्कूल मैदान के बगल में मोबाइल पर आनलाइन सट्टा खेल रहे राजीव नगर निवासी 25 वर्षीय चंदन साव को गिरफ्तार किया है आरोपित क्रैक नाम के नाम एप से आनलाइन सट्टा खेल रहा था। उसके खिलाफ जुआ एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है पुलिस ने बताया कि उसके मोबाइल की जांच करने पर पता चला है कि वह आनलाइन सट्टे में पहले 80 हजार रुपये हारा था इसके बाद 80 हजार रुपये जीत गया था पुलिस ने बैंक खाते में जमा उन रुपयों को भी फ्रीज किया है आरोपित के खिलाफ जुआ एक्ट के साथ ही प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत भी कार्रवाई की गई है।

### यातायात सुरक्षा के मद्देनजर कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य पहनिए



**कवर्धा, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार चलाते समय कार चालक शीट बेल्ट लगाकर कार चलाते हुए पहुंचते है लेकिन कुछ कार चालक शीट बेल्ट नहीं लगाकर पहनते है जो की चिंतनीय विषय है। बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी, बिजनेसमैन आनंद चंद्रवंशी, दीपक स्पोर्ट्स संचालक दीपक चंद्रवंशी ने कार चालकों से विनम्र अपील की यातायात सुरक्षा के मद्देनजर कार चलाते समय शीट बेल्ट अवश्य पहने। बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी ओर बिजनेसमैन सुखनंदन चंद्रवंशी ने हेलमेट पहनने की दुपहिया वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा की गांव से कवर्धा आ रहे हो या कवर्धा से गांव जाते समय हेलमेट पहनकर दुपहिया वाहन चलाते हुए गांव जाना चाहिए। गांव से शहर आते समय लोग धीमी गति से वाहन चलाते है जो की तारीफके काफ्लि है जिसकी तारीफकरते हुए बिजनेसमैन और समाजसेवी आनंद चंद्रवंशी ने कहा की कार चलाते समय शीट बेल्ट लगाकर कार चलाना चाहिए। दीपक स्पोर्ट्स संचालक दीपक चंद्रवंशी ने कहा की हेलमेट पहनना दुपहिया वाहन चालकों के लिए सुरक्षा कवच है इसलिए पंडरिया या रायपुर या बिलासपुर बहुत दूर जाते समय हेलमेट अवश्य पहने।

### निधन

#### नारायण चंद्राकर

**भिलाई, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रंगकर्मी, साहित्यकार एवं भारत विभूति आल्हा गायन दल के संचालक नारायण चंद्राकर 'गुरुजी' का 6 अप्रैल दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान मैत्री कुंज रिसाली में दुखद निधन हो गया। उन्होंने पूर्व में देहदान का संकल्प लिया था। अतः सांकेतिक रूप से उनके शरीर के कुछ अंगों के साथ अंतिम संस्कार का कार्यक्रम दोपहर 3 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की गयी।



प्रेमप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में रामनवमी उत्सव पर भगवामय हुई इस्पातनगरी

# राम जन्मभूमि संघर्ष के माध्यम से जागृत हुई सनातन धर्म और आस्था की लहर : रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 7 अप्रैल।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा आयोजित श्रीरामनवमी के भव्य 40वें वर्ष के आयोजन में पूरी इस्पातनगरी भगवामय हो गयी। चारों दिशाओं से हजारों की संख्या में भगवा ध्वज और जय श्रीराम के नारों के साथ उत्साह से ओतप्रोत राम भक्त श्रीरामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचे। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने जन सहयोग से बने महाप्रसाद को ग्रहण किया, वहीं लेजर लाईट शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आकर्षक स्वचलित झांकियों का भी आनंद लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष. छ.ग. शासन, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के संरक्षक व पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, अति विशिष्ट अतिथि विजय बघेल दुर्ग सांसद, विशिष्ट अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सभा को संबोधित किया। वहीं मुख्य वक्ता बाल योगेश्वर राम बालकदास महात्यागी श्री पाटेश्वर धाम जिला बालोद छत्तीसगढ़ ने विशाल धर्मसभा को संबोधित किया।

मुख्य अतिथि प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित चालीसवें वार्षिक कार्यक्रम ने भक्ति, प्रेरणा और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन में समिति के संरक्षक प्रेम प्रकाश पांडे की टीम को विशेष बधाई और शुभकामनाएं दी गईं, जिन्होंने चार दशकों से इस भक्तिमय वातावरण को बनाए रखा है। यह कार्यक्रम न केवल भिलाईवासियों, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी जोड़ने में सफ्ल रहा है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के संघर्ष, त्याग और मर्यादा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। श्रीराम जन्मभूमि से जुड़ा पाँच सौ वर्षों का संघर्ष, जो 1528 में शुरू हुआ और 2020 में मंदिर के भूमि पूजन तक चला, भारतीय समाज की दृढ़ता और संकल्प का प्रतीक बताया।

राम जन्मभूमि संघर्ष के माध्यम से पूरे देश में सनातन धर्म और आस्था की लहर जागृत हुई है, जो वर्तमान में भी भारतीय समाज को एकजुट कर रही है। उन्होंने समिति और उनकी टीम को इस अद्भुत और प्रेरणादायक आयोजन के लिए विशेष रूप से सराहा गया। समिति के संरक्षक, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने समिति द्वारा 40 वर्षों से लगातार आयोजित किए जा रहे इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया। उन्होंने बताया कि जब यह आयोजन शुरू हुआ था, तब धार्मिक रीति-रिवाजों और त्योहारों का सार्वजनिक प्रदर्शन करना सामाजिक चुनौती थी। विशेष रूप से युवा पीढ़ी को तिलक या धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए असहजता का अनुभव होता था। लेकिन समाज में बढ़ती जागरूकता और प्रयासों ने इस सोच में परिवर्तन लाया। उन्होंने धार्मिक और वैज्ञानिक मान्यताओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पीपल के पेड़ के ऑक्सीजन उत्पादन और नीम को प्राकृतिक एंटीबायोटिक के रूप में वर्णित किया गया। इस प्रकार की मान्यताओं को आधुनिक विज्ञान द्वारा भी समर्थन मिल रहा है, जो कि कोरोना महामारी के दौरान स्पष्ट हुआ।

पाण्डेय ने बताया कि श्रीरामनवमी आयोजन के प्रारंभिक दिनों में सीमित संसाधनों के बावजूद समिति ने इसे सफ्लतापूर्वक संचालित किया। एक समय था जब साइकिल रैली और साधारण मंचन के माध्यम से इस आयोजन को जनता तक पहुंचाया गया। आज, मंचीय कार्यक्रम और संसाधन जुटाना अपेक्षाकृत सरल हो गया है। समिति ने एक मुठ्ठी अनाज अभियान की पहल की है, जिससे समाज के बीच आत्मनिर्भरता और परस्पर सहयोग का संदेश दिया जा सके। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी बल प्रदान किया है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक और धार्मिक जागरूकता के बढ़ते स्तर को प्रदर्शित करता है। इसने समाज के सभी वर्गों को एकजुट करने और युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं के प्रति गर्व का अनुभव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अति विशिष्ट अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि ने कहा कि समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पांडे और उनकी टीम ने पिछले चालीस वर्षों से इस आयोजन को सफ्लतापूर्वक संचालित किया है। इस कार्यक्रम ने भिलाई और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भक्तिमय वातावरण से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बाल योगेश्वर राम बालकदास महात्यागी श्री पाटेश्वर धाम ने विशाल धर्मसभा को संबोधित किया। स्वागत भाषण देते हुए समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडे ने श्रीरामनवमी के आयोजन के 40वें वर्ष का जिक्र किया। 1986 से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में प्रारंभिक वर्षों में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा लेकिन अब यह आयोजन भिलाई और आसपास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में से एक बन गया है। इस आयोजन में 1150 से अधिक मंदिरों से भक्तजन सम्मिलित होते हैं और श्रीरामलीला मैदान में इसका आयोजन होता है। इस कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी इस कार्य को निरंतरता से चल रहा है।

कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, श्रीमती तुलसी साहू, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज सहित समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, जिलाध्यक्ष मदन सेन मुख्य रूप से उपस्थित थे। समिति के अंतर्गत सभी प्रखंडों से श्रीरामनवमी के लिए भव्य आकर्षक स्वचलित झांकियां निकाली गई।

### मजबूर पति पर एफआईआर

**भिलाई, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज की स्टाफनर्स नेहा राय की आत्महत्या मामले में पुलिस ने पति फैज मोहम्मद के खिलाफआत्महत्या के लिए उकसाने की धारा के तहत प्राथमिकी की है मृतका ने एक सुसाइड नोट छोड़ा था जिसमें पति के साथ सास और पति के एक दोस्त इकबाल के चलते आत्महत्या करने की बात लिखी थी इसके आधार पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है शनिवार को ( 32 साल ) स्टाफ नर्स नेहा राय ने स्टाफ क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी घटना स्थल पर पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला था जिसमें उसने पति फैज मोहम्मद सास और इकबाल नाम के व्यक्ति के चलते आत्महत्या करने की बात लिखी थी नेहा मनेंद्रगढ़ चिरमिरी की रहने वाली थी। साढ़े पांच साल पहले उसने परिवार वालों की सहमति से फैज से शादी की थी। फैज और उसके दोस्त इकबाल ने रायपुर में एक जमीन खरीदने के नाम पर नेहा के मायके वालों से करीब 30 लाख रुपये लिए थे बाद में वह जमीन विवादित निकली और उस पर कोर्ट केस चलने लगा नेहा ने पति सास और इकबाल से मायके वालों के रुपये लौटाने के लिए बोला तो आरोपितों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था।

## कवि यश सूर्यवंशी को मिला कविराज बलराम कारके सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ दुर्ग भिलाई के प्रतिष्ठित युवा ओजस्वी कवि डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी को उनके साहित्य साधना हेतु कविराज बलराम कारके सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 29 मार्च 2025 को जांजगीर चाम्पा के समीप गौरव ग्राम सिवनी में अंतर्राष्ट्रीय विराट सूर्यांश शिक्षा महा महोत्सव आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। यह सम्मान जांजगीर के चर्चित साहित्यकार स्व. बलराम कारके की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन स्तर के साहित्यकार को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। जिसमें दुर्ग भिलाई के प्रतिष्ठित ओजस्वी कवि डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी का चयन किया गया। इस अवसर पर डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी को पुष्प गुच्छ, श्रीफ्ल, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी की इस उपलब्धि पर ज्ञानदास, गुरवारी, मीयांश, यमीश, सरिता, सरोज, अजित, सुरेश पैगवार, गोवर्धन सूर्यवंशी, उमाकांत, ओमवीर करन आदि साहित्य प्रेमियों ने शुभकामनाएँ दिये।

# एलडी स्लैग की गाड़ियों के आवागमन के मुद्दे को प्रबंधन ने किया स्वीकार : इंद्रजीत सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 अप्रैल।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की एलडी स्लैग की गाड़ियों के आवागमन को लेकर जो मुद्दा पिछले दिनों उठाया गया था उसे प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने इस सम्बन्ध में अहम जानकारी साझा करते हुए बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा लंबे समय से एसोसिएशन द्वारा एलडी स्लैग की गाड़ियों के आवागमन को लेकर जो मुद्दा उठाया जा रहा था, उस पर अब सकारात्मक निर्णय ले लिया गया है।

बीएसपी मैनेजमेंट ने एलडी स्लैग ढोने वाली गाड़ियों को 7 नंबर गेट से प्रवेश देने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से ट्रांसपोर्टरों को काफी सहूलियत मिलेगी। इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अब प्रतिदिन 70 गाड़ियों को एलडी स्लैग सामग्री के परिवहन के लिए 7 नंबर गेट से प्रवेश का परमिशन दिया गया है। पहले ट्रकों को अन्य गेट से होकर लंबा और जटिल मार्ग तय करना पड़ता था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि ईंधन की खपत और ट्रैफिक की समस्याएं भी बढ़ती थीं।

7 नंबर गेट से अनुमति मिलने के बाद अब गाड़ियों का संचालन अधिक



व्यवस्थित और सुगम हो सकेगा। एसोसिएशन की ओर से यह मुद्दा कई बार बीएसपी मैनेजमेंट के समक्ष उठाया गया था। बैठकें भी हुईं, जिनमें परिवहन व्यवसायियों ने अपनी समस्याएं रखीं। अंततः बीएसपी प्रबंधन ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बातों को समझते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह ने भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की ओर से बीएसपी मैनेजमेंट का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल ट्रांसपोर्टरों के हित में है, बल्कि इससे संयंत्र क्षेत्र में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। एसोसिएशन को उम्मीद है कि भविष्य में भी बीएसपी प्रबंधन इसी तरह सहयोग करता रहेगा और ट्रांसपोर्ट सेक्टर की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुलझाया जाएगा।

### चैत्र नवरात्रि

# धनोरा बाबा दरबार में ज्योति जंवारा विसर्जन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 7 अप्रैल।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर 6 अप्रैल रविवार को शाम 4 बजे से ज्योति विसजर्न शोभायात्रा निगाले गये जोकि बजरंग पारा बजार चौक मेनगली शितला पारा होते हुए शितला तालाब पहुंचे जगह जगह ज्योति कलश शोभायात्रा का पुजा अर्चना किया गया एवं माता एवं बच्चे माता रानी की जय कारा लगाते हुए साथ साथ चलते रहे आगे आगे गुलाब साहू एवं हेमंत साहू के भंजन मंडली द्वारा माता सेवा गाते हुए चल रहे थे साथ साथ लाल काला सफेद के बैरंग लहराते रहे आगे आगे गज्जू रायपुरीहा खप्पर धरके चलरहे थे उनके पिछे माताए सिर मे जोत ज्वारा लिए एक ही कलर साड़ी मे कतार से नंद पंडा साथ साथ चावल भारकर मारते हुए शितला तालाब पहुंचे जहां पर दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी के द्वारा पुजा पाठ करके जोत ज्वारा विसजर्न किया गया विसजर्न शोभायात्रा देखने पुरे गांव के लोग उमड़ पड़े थे एवं दुर दराज से भी लोग देखने पहुंचे थे इस शोभायात्रा में मुख्य रूप से दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पंडा विनोद साहू मनोज पटेल राजू यादव मनसुखा साहू गुलाब साहू ललित साहू भोलू खिलेशवर साहू सुनील कहार सुंदर स्प्रे दिनेश साहू डोरे लाल ओमकार साहू मुनना गंधर्व जीवराखन ठेकेदार बाबु लाल साहू डॉ धनेशवर साहू दिनेश यादव उमेश साहू कल्याण देवांगन मारियल कुंभकरण पटेल वासुदेव स्प्रे एम लाल देवांगन योगेश साहू श्रीमती बबीता साहू ललिता यादव देवकी साहू नीरा साहू दुर्गा साहू प्रमिला साहू देवश्री साहू अंजू देवांगन मंजू साहू पार्वती मंडलिन रुक्मणी साहू प्रभा साहू लक्ष्मी साहू हितेश पटेल कौशिलिया सेन सुनीता साहू संगीता स्प्रे मुंगा स्प्रे रेखा पटेल टिकेशवरी साहू कु डिम्पल साहू कु पुजा कु बेदू कु सुरुची कु नेहा कु विननी साहू रोमनाथ साहू बबलू साहू एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी।

## समाचार संक्षेप

### मां बम्लेश्वरी को स्वर्ण टीका भेंट कर विधायक ने बेहतरीन कॉरिडोर निर्माण का लिया संकल्प



**भिलाई, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चैत्र नवरात्रि में नवमी की रात्रि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सेक्टर-6 स्थित मां जगदंबा (बम्लेश्वरी) मंदिर में पूजा-अर्चना कर माता को सोने का टीका चढ़ाया। उन्होंने इस मंदिर में कॉरिडोर निर्माण का संकल्प लेते हुए कहा कि बहुत जल्द जब भक्तगण माता के दर्शन करने इस मंदिर में पहुंचेंगे तो उन्हें बेहतरीन साज सज्जा के साथ यहां कारीडोर मिलेगा। खास बात यह है कि बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर-6 स्थित इस मंदिर में केवल दुर्ग ही नहीं बल्कि प्रदेश, देश और विदेश में बसे देवी भक्तों की आस्था है। यहां अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया से भक्त अपनी मनोकामना पूरी करने ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करवाते रहे हैं। सेक्टर 6 के पोस्ट ऑफिस कॉलोनी के अंदर स्थित मां जगदम्बा मंदिर में डोंगरगढ़ वाली माता बम्लेश्वरी की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर की स्थापना जोनजाड़कर परिवार ने की और यही परिवार इस मंदिर की सेवा कर रहा है। सदस्यों का कहना है कि परिवार के यादवराव जोनजाड़कर को सपने में मां बम्लेश्वरी ने अपने यहां होने का संकेत दिया था जिसके बाद यहां मंदिर स्थापित किया गया। इस मंदिर में खास कर पंचमी के दिन माता की गोदभराई करने भक्तों की कतार लगी रहती है और जो भक्त डोंगरगढ़ तक नहीं जा पाते, वे यहां माता के दर्शन करने जरूर पहुंचते हैं। सेक्टर 6 में स्थित बम्लेश्वरी माता मंदिर भक्तों के लिए एक पवित्र और आस्था से भरा स्थान है। माता बम्लेश्वरी को स्वर्ण टीका अर्पित करने के दौरान यहां एक बेहतरीन कॉरिडोर की आवश्यकता मुझे महसूस हुई नतीजतन मैंने इस कार्य को करवाने का संकल्प लिया है, बहुत जल्द कार्य की शुरुआत होगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के भिलाई जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, मनोज तिवारी, सतीश सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।




**उतई, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रामनवमी के पावन पर्व पर नगर में संचालित महिमा हॉस्पिटल, शाश्वत डायग्नोस्टिक सेंटर, महिमा मेडिकोज उतई द्वारा भोग प्रसादी खिचड़ी वितरण किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में भक्त जन प्रसाद ग्रहण किए।

### धूमधाम से मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस



**कवर्धा, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस पूरे जिले में धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया. सुबह भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा का ध्वज बांध कर स्थापना दिवस आयोजन की शुरुवात की. इस मौके पर राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है. एक समय 2 सांसदों वाली पार्टी अपनी वैचारिक मजबूती के चलते आज लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार चला रही है. इसीलिए भाजपा अपना स्थापना दिवस बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मना रही है. आज भाजपा का हर कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अपने घर में भाजपा का झंडा लहरा रहे हैं. इसके बाद बूथ स्तर पर स्थापना दिवस मनाया जाएगा. आगामी 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा. भाजपा के सक्रिय सदस्यों के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आने वाली 9 और 10 तारीख को होंगे. इस मौके पर भाजपा कार्यालय में भाजपा ध्वजों और रंगोली से विशेष सजावट भी की गई है. भाजपा कार्यालय के इस गरिमामयी आयोजन में वरिष्ठ नेता रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, स्थापना दिवस आयोजन समिति जिला संयोजक जसविंदर बग्गा, नपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, रूपेश जैन, पन्ना चंद्रवंशी, सुरेश दुबे, पवन जायसवाल, सतविंदर पाहुजा, राजा टाटिया, अजय ठाकुर, योगेश चंद्रवंशी, दुर्गेश अवस्थी, नवीन ठाकुर, दोनेश ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके बाद भाजपा की टीम ने वृद्धाश्रम में जाकर वृद्ध जनों के बीच फ्ल और मिष्ठान्न वितरण कर स्थापना दिवस की खुशियां मनाई. इस मौके पर उपस्थित जनों को भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनसे आम लोगों को जोड़ने का संकल्प भी लिया गया।



**भिलाई, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रीरामनवमीं जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

## एक नजर

### नपं अध्यक्ष ने जल समस्याकी जानकारी ली और समाधान का भरोसा दिलाया



**छुरिया, 07 अप्रैल।** नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल ने आज वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 मे पहुंचकर बोरिंग जल के व्यवस्था को लेकर वार्ड वासियो से रूबरू होकर हाल चाल जाना और पानी की कमी को लेकर जानकारी ली और वार्ड वासियो को समस्या को हर संभव निराकरण करने आश्वस्त किया।

### चाकू लहरा कर आम लोगों को डरा धमका रहे आदतन बदमाश पर कार्रवाई की गई



**राजनांदगांव, 07 अप्रैल।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में क्षेत्र मे रामनवमी, जवारा विर्सजन मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि चिखली शराब भट्ठी के पास रोड किनारे धारदार चाकु लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे भास्कर खान पिता मुजीब खान उम्र 24 साल साकिन दीनदयाल नगर चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। आरोपी आदतन बदमाश है जिनके विरूद्ध पूर्व मे अलग अलग थानो मे हत्या, बलवा, आर्म्स एक्ट, मारपीट का अनेक मामले दर्ज है। क्षेत्र मे शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाष, असमाजिक तत्वो पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### जुआ खेलने वाले जुआरियों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**डोंगरगांव, 07 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु.अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनांदगांव के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षु ईशु अग्रवाल, थाना लालबाग एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव, निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में जुआ खेलने वाले जुआरियों पर संयुक्त कार्यवाही की गई।

### जल संरक्षण के लिए प्रशासन और ग्रामीणों ने किया श्रमदान और निकाली नीर और नारी जल यात्रा



**राजनांदगांव, 07 अप्रैल।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विकासखंड छुरिया के ग्राम पंचायत मासूल में प्रशासन तथा ग्रामीणों ने श्रमदान करके जल संरक्षण हेतु प्रभावशाली कदम उठाया है। ग्राम मासूल अंतर्गत नाले पर ÷मासूल-बुचाटोला÷ मार्ग के नाले पर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह,ग्रामवासियों, सरपंच, पंच, स्वच्छता दीदी, हरियाली दीदी एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान करके नाला में बोरी बंधान किया गया, जिससे भविष्य में वर्षा जल नाले में एकत्रित होगा तथा भूजल स्तर में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत मासूल - बुचाटोला जनसहयोग से नाले में बोरी बंधान कार्य करने वाला पहला पंचायत है, इसी तर्ज पर पूरे जिले में इसी तरह से नालों में जनसहयोग से नाला बंधान कार्य किया जाएगा। पद्मश्री फूलबासन यादव की पहल से गांव-गांव में जल संरक्षण को लेकर माँ बाम्बेश्वरी फाउंडेशन से जुडी दीदीयों ने, बिहान की दीदीयों और हरियाली दीदियों द्वारा जल यात्रा निकली जा रही है। जल यात्रा के माध्यम से लोगों में जल संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाई जा रही है। मासूल तथा बुचाटोला में जल यात्रा का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसे कलेक्टर तथा सीईओ जिला पंचायत द्वारा भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आने वाले समय में जल संकट से निपटने के लिए पानी की हर एक बूंद को संजोना और आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। जल के संग्रहण से भूजल स्तर को बढ़ावा मिलेगा तथा कृषि एवं पेयजल की आवश्यकता की पूर्ति में सहयोग मिलेगा। ग्रामवासियों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक श्रमदान किया और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

# नवीकरणीय ऊर्जा से बदलेगा प्रदेश का भविष्य : साय

- **अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 50 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन**



**रायपुर, 07 अप्रैल।** अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 50 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजनअक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 50 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

अक्षय ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग स्वच्छ, सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाएगा। बिजली आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नए लक्ष्य तय किए गए हैं और इसे पूरा करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के क्रेडा कार्यालय परिसर में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 50 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सौर ऊर्जा संचालित बैटरी स्वैपिंग स्टेशन और सामान्य से सौर ऊर्जा में परिवर्तित ई रिक्शा का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को रामनवमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज के इस शुभ घड़ी में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े कामों की शुरुआत हुई है। परंपरागत ईंधन के स्त्रोतों से पर्यावरण को हो रही क्षति को देखते हुए सौर और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बड़ा परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा से जुड़ी अनेक योजनाएं संचालित है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश के आमजनों और किसानों को बड़ा लाभ मिल रहा है। साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में भी नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से बिजली पहुंचाने का काम पूरा हो रहा है और सुदूर अंचल के गांव इससे रोशन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा से संचालित ई रिक्शा का आज लोकार्पण किया गया है और इस पहल से ई रिक्शा का संचालन किफायती हो जाएगा और ई रिक्शा चालकों के आय में वृद्धि होगी।

**अक्षय ऊर्जा से जुड़े 50 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का हुआ भूमिपूजन और लोकार्पण**

मुख्यमंत्री साय ने आज राजधानी रायपुर में अक्षय ऊर्जा से जुड़े 50 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्य किया। लोकार्पण किए गए कार्यों में रायपुर में 29 लाख की लागत से सौर ऊर्जा संचालित बैटरी स्वैपिंग स्टेशन, सामान्य ई रिक्शा को सोलर ई रिक्शा में परिवर्तित करने तथा नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत स्थापित 54 नग सोलर हाई मास्ट, 152 नग सोलर ड्यूल पंप एवं दो नग सोलर पावर प्लांट स्थापना कार्य शामिल है। इसी तरह भूमिपूजन किए गए कार्यों में बिलासपुर, राजनांदगांव एवं जगदलपुर के ऊर्जा शिक्षा उद्यानों में सौर ऊर्जा से संचालित बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापना कार्य, प्रदेश के समस्त ऊर्जा शिक्षा उद्यानों को नेट जीरो करने, ऊर्जा शिक्षा उद्यान राजनांदगांव का जीणोद्धार का कार्य शामिल है।

## भंडारपुर बूथ में मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 07 अप्रैल।** छुरिया मंडल के बुथ भंडारपुर में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी व श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रीमती वैष्णव ने राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित, जन सेवा हेतु संकल्पित और भारत के लोकतंत्र की सच्ची वाहक भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि भाजपा ने देश को नयी दिशा दी है. अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसे-ऐसे लोक कल्याणकारी निर्णय हुए, जो आजाद भारत में नहीं हुए थे. सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात करते हुए, भाजपा ने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अंत्योदय के लक्ष्य को चरितार्थ किया है। आज हमार देश विकसित देश की ओर अग्रसर है.इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद सदस्य उत्तरा निषाद,देवीसिंग पटेल बुथ अध्यक्ष, दुर्योधन साहु, बृजलाल यादव,जगन चंन्द्रवंशी, लोकेश पटेल, रमेशर चंद्रवंशी, जगदीश साहु,मनीष साहु,गैदसिह पटेल,पीतम पटेल,टोपराम साहु, हंसमुख साहु,हिरदेश मानिकपुर,सेशराम साहु,पटलन पटेल, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हनुमान सेवा दल ने रामनवमी पर बांटा रामरक्षा स्त्रोत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 07 अप्रैल।** मर्यादा पुरुषोतम प्रभु श्रीराम ने धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने के साथ विकट परिस्थितियों में भी धैर्य और सभी के लिए एक समान दयालुता के भाव की शिक्षा पूरे मानव जगत को दी। प्रभु राम नवमी के शुभ अवसर पर जयस्तंभ चौक में श्री हनुमान सेवा दल द्वारा श्री राम की कृपा पाने और सभी कष्ठ से मुक्ति पाने के लिए किए जाने वाले रामरक्षा स्त्रोत की 3051 पुस्तक का वितरण किया गया। हनुमान सेवा दल का उद्देश्य है कि धर्म के साथ समाज का उत्थान हो सके। भारतीय संस्कृति की पताका पूरी दुनिया मे फैले,,,श्री हनुमान सेवा दल के अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म बहुत समृद्ध है,जिसका सामने आना जरूरी है लोगों को सनातन और भारत के मूल से अवगत कराने का कार्य श्री हनुमान सेवा दल कर रहा है आज के वितरण कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पंकज मिश्रा, प्रशांत दुबे, रोमी वोरा,अमित शर्मा, हेमंत पाल,कुणाल दूबे, हेमंत पटेल,अमित दीवान, ऋषभ खेतान,संस्कार पांडे, जितेंद्र यादव, विनायक तिवारी, विकास जुसेजा, संतोष राव,सचिन पांडे,गोपी जाल, विकेश देवांगन, संजू ठाकुर, प्रदीप पांडे, सुमित खण्डेलवाल, अपूर्व विश्वास, आदि साथी उपस्थित थे।

## स्पिरिचुअल यूथ लीडरशिप कार्यक्रम को लेकर युवाओं में उत्साह

- **टीम ने की स्वयं बैठक**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 07 अप्रैल।** आज की युवा पीढ़ी में आध्यात्मिकता और नेतृत्व के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए, स्पिरिचुअल यूथ लीडरशिप कार्यक्रम को लेकर उत्साहित युवाओं की एक टीम ने स्वतःस्फूर्त रूप से एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य कार्यक्रम की तैयारियों को गति देना और युवाओं के बीच आध्यात्मिक जागरूकता के साथ-साथ नेतृत्व कौशल को विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाना था। बैठक में युवा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में आध्यात्मिकता केवल व्यक्तिगत शांति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक मजबूत माध्यम बन सकती है। टीम ने इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों, जैसे कार्यशालाओं, संवाद सत्रों और सामुदायिक सेवा पहलों की योजना बनाई, ताकि युवाओं को अपने भीतर छिपी संभावनाओं को पहचानने का अवसर मिले। इस पहल के संयोजक गुलशन मानसरोवर और जितेंद्र बघेल ने बताया ÷हमारा लक्ष्य युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानें और उसे नेतृत्व के रूप में समाज के सामने प्रस्तुत करें। यह बैठक हमारी प्रतिबद्धता का पहला कदम है।÷

स्पिरिचुअल यूथ लीडरशिप कार्यक्रम जल्द ही शुरू होने वाला है, और इसकी तैयारियों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी से यह स्पष्ट है कि यह आयोजन न केवल प्रेरणादायक होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नई दिशा भी स्थापित करेगा। छत्तीसगढ़ी समाज के चेयरमैन डॉ सत्यजीत साहू इस स्पिरिचुअल यूथ लीडरशिप कार्यक्रम के प्रमुख प्रेरणा हैं.

## मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव, 07 अप्रैल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दौरान आत्मानंद स्कूल ग्राउंड से चोरी गई मोटरसाइकिल मामले में डोंगरगांव पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पावेन्द्रा सेवता उर्फ पवन (पिता स्व. कलाराम सेवता), उम्र 37 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 6, डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के रूप में हुई है। मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई के तहत पुलिस ने पाया कि आरोपी चोरी की गई मोटरसाइकिल को मोडिफाई कर उसके नंबर प्लेट को बदलकर उपयोग कर रहा था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने उक्त वाहन पंचायत चुनाव के दौरान आत्मानंद स्कूल ग्राउंड से चोरी किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से होंडा कंपनी की CD110 DREAM मोटरसाइकिल (क्रमांक CG08AM4099, चेचिस नंबर - ME4JC67HHKA039658, इंजन नंबर - JC67EA1072407, रंग - रेड एवं ब्लैक) बरामद की है। इस कार्यवाही का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास ने किया, जो पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### मंदिर के बाहर से बाइक पार

**रायपुर, 07 अप्रैल।** रावाभाठा बंजारी मंदिर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजू निषाद 25 वर्ष गोवर्धन नगर भनपुरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएक्स 5528 को रावाभाठा बंजारी मंदिर के पास खड़ी किया था।

**लोककर्म विभाग की समीक्षा की गई**

## आयुक्त ने शौचालय मरम्मत शीध्र पूर्ण करने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 07 अप्रैल।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की समीक्षा कर कहा कि डामरीकरण व पेचवर्क के बंद कार्य जल्द चालू करावे तथा शौचालय मरम्मत के शेष कार्य शीध्र पूर्ण करे एवं वार्डो में चल रहे कार्य मे तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण कराने कहा। बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी निर्माण कार्य जिनकी निविदा हो चुकी है, उसे तत्काल प्रारंभ कराये तथा वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने डामरीकरण एवं पेचवर्क कार्य की जानकारी लेकर कहा कि डामरीकरण के शेष कार्य जल्द चालू करावे, इसके लिये ठेकेदारों को निर्देशित करे, कार्य चालू नही करने पर नोटिस जारी करे। उन्होंने वार्डवार निर्माण कायो की जानकारी लेकर कहा कि जिन ठेकेदारों के द्वारा अधुरे कार्य किये गये है और जिनके द्वारा कार्यादेश उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनसे बात कर काम चालू करावे नही करने की स्थिति में नोटिस जारी करे। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यो की चरणबद्ध बिलिंग करे, उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्माण कार्य में पानी तराई का विशेष ध्यान रखने कहा, इस संबंध में ठेकेदारो को निर्देशित करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य की उप अभियंताओं से प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि अधुरे शौचालय मरम्मत कार्य शीध्र पूर्ण करे। प्रतिदिन मानिटरिंग कर चालू कार्य में प्रगति लाकर समय सीमा मे पूर्ण करावे। उन्होंने आकांक्षीय शौचालय योजनांतर्गत पेण्ड्री और पुष्पवाटिका में बन रहे शौचालय की प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने व जल्द पूर्ण कराने कहा।

## समाचार संक्षेप

### रेलवे महाप्रबंधक ने किया डोंगरगढ़ स्टेशन का निरीक्षण



**डोंगरगढ़, 07 अप्रैल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने 05 अप्रेल को डोंगरगढ़ स्टेशन का निरीक्षण कर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे अधोसंरचना विकास, रेल परियोजनाओं , सहित संचालन और संरक्षा का व्यापक जायजा लिया। निरीक्षण के अवसर पर दीपक कुमार गुप्ता- मंडल रेल प्रबंधक,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान तरुण प्रकाश ने डोंगरगढ़ स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत जारी विभिन्न रेल विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की स्थिति का भी आकलन किया और मेले के दौरान मंडल द्वारा किए गए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यहां उपलब्ध यात्री सुविधाओं, रनिंग रूम,, लॉबी आदि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डोंगरगढ़ से दुर्ग खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण केकिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### गांवों में पीएचई विभाग का मैदानी अमला करें नियमित निरीक्षण: कलेक्टर

- **जिले में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**
- **कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित**

**राजनांदगांव 07 अप्रैल।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के सभी ग्रामों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जल स्तर नीचे चले जाने के कारण जिले के कुछ ग्रामों में हैण्डपंप बंद हुए है, ऐसे गांवों का चिन्हांकन कर वहां पेयजल की व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी मैदानी अमले को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। सभी मैदानी अमला गांवों का नियमित निरीक्षण करें और शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को जल जीवन मिशन के अंतर्गत कैसे उपयोग करना है इस पर विचार करना चाहिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी रिचार्जिंग में भी ध्यान देना चाहिए। भूमिगत जल का उपयोग जितना करते हैं उससे ज्यादा पानी रिचार्ज करना होगा और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा। जिससे भूमिगत जल स्तर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को पानी की समस्या को कैसे दूर करें इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए, जिससे वे जनसामान्य को इसके संबंध में जागरूक कर सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव श्री समीर शर्मा, सांसद प्रतिनिधि श्री बिसेसर दास साहू सहित संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सीईओ जिपं ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

**राजनांदगांव 07 अप्रैल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने निर्वाचित सरपंचों का जीएसटी अपडेट करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। पूर्ण निर्माण कार्यो का मूल्यांकन करा कर लंबित देयकों का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करने कहा। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कम लागत के छोटे-छोटे कार्य को तत्काल पूर्ण कर सोमवार तक अद्यतन स्थिति एवं राशि की मांग पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में यह भी बताया गया कि सचिवों के हड़ताल से शासकीय कार्य बाधित नहीं हो इसके लिए रोजगार सहायकों से सहयोग लेने के लिए निर्देशित किया गया। नव-निर्वाचित सरपंचों का बायोडाटा सोमवार तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने हेतु सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 15 अप्रैल तक सर्वे का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य का सतत निगरानी करें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी व्यक्ति का नाम सर्वे में न छुटे। आवास निर्माण में प्रधानमंत्री आवास एवं मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यो में आपसी समन्वय स्थापित कर आवास निर्माण एवं पूर्णता में प्रगति लाने हेतु ब्लाक स्तर के कर्मचारियों को निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि आवास निर्माण की भौतिक प्रगति की जानकारी प्रतिदिन निर्धारित प्रपत्र में जिला पंचायत को प्रेषित करें।

### सीएमएचओ ने शहर के निजी अस्पताल संचालकों की ली बैठक

**राजनांदगांव 07 अप्रैल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा सीएमएचओ कार्यालय में राजनांदगांव शहर के निजी अस्पताल संचालकों की बैठक ली गई। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने निजी अस्पताल संचालकों को अस्पतालों में मौसमी बीमारी, लू,पीलिया, डायरिया के मरीजों की रिपोर्टिंग कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत अस्पताल पंजीयन के लिए नया पोर्टल लांच किया गया है। नये पोर्टल में पूर्व से पंजीकृत अस्पतालों को एचईएम 2.0 में अपनी आद्यतन जानकारी दर्ज करना है तथा वैध दस्तावेज व प्रमाण पत्र अपलोड करना है। उन्होंने एचईएम 1.0 में पूर्व से पंजीकृत सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों को 15 अप्रैल 2025 तक पुन्ः पंजीयन एचईएम 2.0 में अनिवार्य रूप से करने कहा। उन्होंने पुन्ः पंजीयन में अस्पताल में कार्यरत मानव संसाधन का आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन अंतर्गत एचपीआर सुनिश्चित करने कहा। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने पीलिया से बचाव के लिए आम नागरिकों से साफ पानी व गर्म और ताजा भोजन का सेवन करने, नीबू-संतरे तथा अन्य फलों का रस का सेवन करने तथा गरिष्ठ भोजन का सेवन नहीं करने की अपील की। साथ ही ढेले एवं खुले में बिकने वाले खाद्य सामग्री का उपयोग नहीं करने कहा है। जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया कि गर्मी में लू से बचाव हेतु धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह बांध लें, अधिक अनिवार्य नहीं हो तो घर से बाहर नहीं निकले, पानी अधिक मात्रा में पीये, ज्यादा पसीना आने पर ओआरएस (जीवन रक्षक घोल) पिये, चक्कर आने की स्थिति में छायादार स्थान पर चले जाए एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र व अस्पताल में पहुंचकर उपचार जरूर कराएं।

## संपादकीय

# अमित शाह मौका दे रहे, विकल्प दे रहे

राजनीति में होशियार खिलाड़ी वह होता है जिसकी हर बात साफ होती है, कोई किंतु-परंतु नहीं होता है। वह सामने वाले को मौका देता है,विकल्प देता है कि तुम तय करो कि तुम क्या चाहते हो। दोनों विकल्प हैं तुम्हारे पास, शांति से जीने का और बुरी मौत मरने का। तुम जैसा चाहोगे वैसा ही होगा। गृहमंत्री अमित शाह राजनीति के माहिर खिलाड़ी है, जो भी लक्ष्य उनको पाने के लिए दिया गया है वह उन्होंने पाकर दिखाया है, किसी राज्य में चुनाव जीतने की लक्ष्य दिया गया है तो चुनाव जीत कर दिखाया है। अमित शाह उन नेताओं में है जो नहीं हो सकता कभी नहीं कहते हैं। जब भी उनको कोई काम दिया गया है,उन्होंने कभी नहीं कहा कि यह संभव नहीं है। जब काम दिया जाता है, उसके बाद वह सोचते हैं कि इसे कैसे किया जा सकता है। वह कोई न कोई उपाय ढूंढ ही लेते हैं। कई बार तो वह लक्ष्य हासिल करने का समय तक तय कर देते हैं। पीएम मोदी ने उनको नक्लसी समस्या का समाधान करने का काम दिया। यह वाकई मुश्किल काम था क्योंकि अब तक देश व छत्तीसगढ़ में कई गृहमंत्री हुए हैं लेकिन किसी गृहमंत्री ने कभी नहीं कहा कि देश और छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया किया जा सकता है। कोई भी देश व छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाए को संभव ही नहीं मानता था, इसलिए वह कहता भी नहीं था वह नक्सलियों का सफाया कर सकता है। सब नक्सलियों से लड़ने की बात करते थे और यह कोई नक्सली समस्या का समाधान नहीं था. यह तो नक्सलियों को बचाकर मारने जैसा था यानी नक्सलियों को इस तरह मारो कि वह भविष्य के लिए बचे भी रहे। ज्यादातर गृहमंत्री व सरकार नक्सलियों का मारना कम बचाना ज्यादा चाहते थे, इसलिए नक्सली बचे रहते थे और नक्सली समस्या बनी रहती थी।अमित शाह देश के पहले गृहमंत्री है जिन्होंने नक्सलियों से साफ कह दिया है कि मैं तुम्हें सरेंडर कर मरने से बचने का मौका दे रहा हूं। चुनाव तुमको करना है कि तुम बचना चाहते हो या मरना चाहते हो। नक्सली से सरेंडर कर आम आदमी बन जाओ तो जिंदा रहोगे यदि नक्सली ही बने रहना चाहते हो तो बचोंगे नहीं क्योंकि देश व समाज को नुकसान पहुंचाने वालों को इस देश में मारना हमारी मजबूरी है। हम मानते हैं कि वह देश के लोग हैं लेकिन उनके काम देश को नुकसान पहुंचाने वाले है। हम चाहे तो उनको शांति से जीने का कोई मौका नहीं भी दे सकते लेकिन हम चाहते हैं कि वह खुद महसूस करें कि वह गलत रास्ते पर है, उनके पास सही रास्ते पर लौटने का समय है। वह सही रास्ते पर लौट आते हैं तो सरकार उनका हर तरह से सहयोग करेगी। यही वजह है कि अमित शाह ने अपने इस बार के छत्तीसढ़ प्रवास के दौरान कहा है कि नक्सली भी हमारे अपने हैं, उनके मरने पर हमको भी दुख होता है। इसलिए बेहतर यही है कि वह सरेंडर करें, उन्होंने गांव के लोगों से भी कहा है कि गांव में जो भी मिलिशिया सदस्य व नक्सली संगठन से जुड़े लोग हैं। उन्हें वह सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें। बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में उन्होंने 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बस्तर अब नक्सलमुक्त होने की ओर अग्रसर है। अगले चैत्र नवरात्र तक बस्तर नक्सलमुक्त हो जाएगा। इसी संकल्प के साथ बस्तर में काम किया जा रहा है। इसके बाद रायपुर पहुंचने पर उन्होंने नक्सलियों के सफाए में लगे अधिकारियों की बैठक में कहा कि नक्सल विरोधी अभियान और तेज होना चाहिए, बस्तर में शांति स्थापना करना सरकार की प्राथमिकता है, हमारे जवान इसके लिए बस्तर में बहादुरी से काम कर रहे हैं।नक्सलवाद के कारण बस्तर विकास में पिछड़ गया है,कई पीढ़िया बरबाद हो गई हैं।भविष्य में नक्सलवाद फिर जड़ न जमा सके इसलिए जरूरी है कि इसका समूल नाश किया जाए।अमित शाह जानते हैं कि नक्सलियों को मार कर नक्सलवाद का सफाया करना आसान नहीं है। नक्सलवाद का सफाया तो तब ही हो सकता है जब नक्सलवाद का विचार ही न रहे। लोगों को बताया जाए कि नक्सलवाद से कोई फायदा तो नहीं हुआ है उल्टे क्षेत्र व क्षेत्र के लोगों का विकास नहीं हुआ है।अमित शाह नक्सलवाद के विचार को मारना चाहते हैं। इसके लिए जरूरी है कि जो लोग नक्सलवाद की राह पर चल रहे है, उनको समाज की मुख्य धारा से जुड़ने का मौका दिया जाए। उनको यकीन दिलाया जाए कि नक्सलवाद से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। समाज की मुख्य धारा से जुड़ने पर क्षेत्र में शांति आएगी, क्षेत्र व लोगों का विकास होगा। नक्सलवाद की राह पर चल रहे लोगों को वह मौका दे रहे हैं कि आप लोग सरेंडर करके समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि उनको इस बात का एहसास दिलाना कि नक्सलवाद की राह पर चलोंगे तो आपका मरना तय है। आप जिंदा तब ही रह सकते हैं जब सरेंडर कर समाज से जुड़ोगे। इस बात का एहसास उनको मारकर ही दिलाया जा सकता है। इसलिए सुरक्षा बल के जवानों का उपयोग मारने के लिए कम नक्सलियों के सरेंडर करने के लिए ज्यादा किया जा रहा है। अमित शाह जब यह कहते हैं कि नक्सली हमारे अपने हैं,उनके मरने पर हमको को बुरा लगता है तो वह भावुकता में ऐसा नहीं कहते हैं। वह इसलिए ऐसा कहते हैं कि वह संवेदनशील नेता हैं। एक अच्छा नेता मनुष्य समाज के भले के लिए संवेदनशील होता है। वह जानते हैं कि किसी भी वजह से मनुष्य का मारा जाना मनुष्य समाज का नुकसान है। संवेदनशील नेता की कोशिश यह होती है कि मनुष्य समाज के हित में मनुष्य समाज का जितना कम नुकसान उतना ही अच्छा है। वह तो चाहते हैं कि नक्सलवाद के सफाए के लिए न तो ज्यादा नक्सली मारे जाए और न ही सुरक्षा बल के जवान।वह दोनों के प्रति संवेदशील हैं। वह चाहते हैं कि नक्सलवाद के सफाए के दौरान मनुष्य समाज का कम से कम से नुकसान हो। कांग्रेस इस बात समझकर भी नहीं समझना चाहती है, इसलिए वह अमित शाह की आलोचना यह कह कर कर रही है कि अमित शाह ने नक्सलियों को भाई और अपना बताकर नक्सलियों से लोहा ले रहे हमारे जवानों का हौसला तोड़ने का काम किया है। कांग्रेस का कहना है कि ऐसा कह कर अमित शाह ने शहीद हुए जवानों, मारे गए बेगुनाह लोगों,झीरम घाटी में मारे गए कांग्रेस नेताओं का अपमान किया है। कांग्रेस विपक्ष में है, तो विपक्ष में होने के कारण वह भाजपा सरकार व अमित शाह की तारीफ तो कर नहीं सकती। वह हर बात की बुराई ही करेंगी और जनता को यही बताने का प्रयास करेंगी कि भाजपा सरकार वअमित शाह जो कुछ कर रहे हैं, गलत कर रहे हैं। राज्य व देश की जनता समझदार है,वह जानती है और देखती भी है कि कांग्रेस नक्सलवाद का सफाया क्यों नहीं कर सकी और भाजपा नक्सलवाद का सफाया करने में सफल क्यों है। जनता का पता है कि कांग्रेस के समय साल में 50 नक्सली मारे जाते थे और आज भाजपा के समय तीन चार सौ नक्सली मारे जा रहे हैं। वह जानती है कौन नक्सलियों का बचा रहा था और नक्सलियों का सफाया कर रहा है।

विश्लेषण

# वक़्फ़ विवाद : निगाहें कहीं हैं,निशाना कहीं ?

**तनवीर जाफरी**



पिछले दोनों लंबी बहस व विवादों के बाद आखिरकार वक़्फ़ संशोधन विधेयक, 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित हो ही गया। चूँकि इस समय दोनों ही सदनों में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का बहुमत है इसलिये इस विधेयक के पारित होने की पूरी संभावना भी थी। हाँविपक्ष को कुछ उम्मीदें स्वयं को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले सत्ता के सहयोगी दलों के प्रमुख नेताओं नितीश कुमार,चंद्र बाबू नायडू,जयंत चौधरी व चिराग पासवान से जरूर थीं कि शायद वे इस विधेयक के विरोध में खड़े हों परन्तु ऐसा नहीं हुआ। यहां तक कि इनके दलों के मुस्लिम सांसदों ने भी इस विधेयक का विरोध नहीं किया। बहरहाल अब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी इण्डिया गठबंधन दलों द्वारा एक इस विधेयक के विरोध के आखिरी विकल्प के रूप में सर्वोच्च न्यायलय का दरवाजा खटखटाने की खबर है जहां इस की संवैधानिकता को चुनौती दी जाएगी। गौर तलब है कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक़्फ़ संशोधन विधेयक, 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुये इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं।जबकि सत्तारूढ़ राजग व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं।

दरअसल एक अनुमान के अनुसार भारत में सेना और रेलवे के बाद सबसे ज्यादा अचल संपत्ति वक़्फ़ बोर्ड के अधीन है। इन्हें संचालित करने के लिये भारत में कुल 32 वक़्फ़ बोर्ड हैं और इन सभी वक़्फ़ बोर्ड का संचालन राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय वक़्फ़ काउंसिल और राज्य स्तर पर वक़्फ़ बोर्ड करते हैं। यह व्यवस्था भारत सरकार द्वारा वक़्फ़ संपत्तियों के प्रबंधन व रखरखाव के लिए निर्धारित की गयी है। प्रत्येक वक़्फ़ संपत्ति के प्रबंधन के लिए एक मुतवल्ली नियुक्त किया जाता है। इसी मुतवल्ली के हाथों में वक़्फ़ संपत्ति का नियंत्रण होता है। वक़्फ़ संपत्ति से होने वाली कुल आय का एक निर्धारित प्रतिशत वक़्फ़ बोर्ड को,बोर्ड के रखरखाव के नाम पर दिया जाता है। यही वक़्फ़ बोर्ड वक़्फ़ संपत्ति संबंधित विवादों खासकर मुतवल्ली की नियुक्ति व अवैध कब्जा हटाने या किसी को किराये पर देने न देने जैसे मामलों में हस्तक्षेप करता है। वक़्फ़ सम्पत्तियाँ केवल मुसलमानो से जुड़ी हुई ही नहीं हैं। बल्कि विभिन्न धर्मों में इसतरह की सम्पत्तियाँ मिलेंगी जिन्हें पूर्व में राजा महाराजाओं, जमींदारों, जागीरदारों, धनाढ्य लोगों द्वारा यहाँ तक कि जो साधारण लोग भी अपनी संपत्ति अपने कानूनी वारिसों को न देकर अपने धर्म से सम्बंधित धर्मस्थानों को दान में दे दिया करते थे। आज देश भर में विभिन्न धर्मों के धर्म स्थलों के पास इस तरह की बेहिसाब सम्पत्तियाँ हैं। इन संपत्तियों को कहीं महंत या गद्दी नशीन देख रहे हैं,कहीं प्रबंधन कमेटियां बनी हुई हैं तो कहीं इसके प्रबंधन के लिये न्यास ( वक़्फ़ ) या ट्रस्ट बनाये गये हैं। मिसाल के तौर पर जगन्नाथपुरी ट्रस्ट,वैष्णो देवी ट्रस्ट,मनसा देवी ट्रस्ट की तरह हिन्दू धर्मस्थलों से जुड़े अनेक ट्रस्ट हैं। इसी तरह सिख धर्मस्थलों की देखभाल के लिये शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाई गयी है। परन्तु इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रत्येक धर्मों में पाई जाने वाली इस तरह की सम्पत्तियों में या इससे होने वाली बेहिसाब आय में आम तौर पर लूट खसोट की खबरें भी आती रहती हैं । यही वजह है कि विभिन्न राज्यों में वक़्फ़ बोर्ड संपत्तियों के गबन और भ्रष्टाचार,वक़्फ़ जमीनों पर अवैध कब्जा ,राजनीतिकरण और सांप्रदायिक दुरुपयोग,धार्मिक भेदभाव,पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव, कानूनी विवाद और निष्क्रियता जैसे आरोप भी लगते रहे हैं।

परन्तु यदि सत्ता से जुड़े गिने चुने मुसलमानों को छोड़ दें तो न केवल देश के आम मुसलमान बल्कि समूचा विपक्ष और अनेक कानूनविद व बुद्धिजीवी वक़्फ़ संशोधन विधेयक, 2025 को मुस्लिम विरोधी,मुसलमानों द्वारा वक़्फ़ की गयी जमीनों को हड़पने का प्रयास तथा दूसरे धर्मों व धर्मस्थलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश बता रहे हैं । सवाल यह भी उठ रहा है कि जब मंदिरों व अन्य धर्मों के धार्मिक प्रबंधन में किसी दूसरे धर्म के लोग शामिल नहीं किये जाते तो वक़्फ़ बोर्ड में किसी गैर मुस्लिम को शामिल करने का आखिर क्या मकसद है ? यदि मुस्लिम वक़्फ़ संपत्ति के प्रबंधन में गैऱ-मुसलमानों को रखा जा सकता है तो गैऱ-मुसलमानों के धर्मस्थलों की संपत्ति प्रबंधन में मुसलमानों को क्यों नहीं शामिल किया जाना चाहिए ? विपक्ष का मानना है कि सरकार इस बिल के द्वारा वक़्फ़ बोर्ड के अधिकारों को इसलिए कम कर रही ताकि वह वक़्फ़ बोर्ड की संपत्ति पर कब्जा कर सके। विपक्ष इसे मुस्लिम समाज को तोड़ने व कमजोर करने का काम बता रहा है। कुछ सांसदों ने तो संसद में बहस के दौरान यह तक कह डाला कि यह विधेयक मुसलमानों के धर्म पर डाका डालने तथा मुसलमानों की वक़्फ़ संपत्ति को हड़पने वाला है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इस विधेयक को 'संविधान पर एक निर्लज्ज हमला' तथा समाज के स्थायी ध्रुवीकरण की रणनीति' का हिस्सा बताया जिससे भाजपा तिलमिला उठी है। कुछ इसी से मिलता जुलता विवाद पिछले कई दिनों से बिहार के विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल बोधगया को लेकर भी छिड़ा हुआ है। यहां गत 12 फरवरी से बौद्ध भिक्षु बीटी एक्ट यानी बौद्ध गया टेंपल एक्ट, 1949 को समाप्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस नियम के अंतर्गत बौद्ध गया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी (बीटीएमसी) में बौद्धों के साथ-साथ हिंदू धर्मावलंबियों को भी सदस्य बनाने का प्रावधान है। बौद्ध भिक्षु इसे उनके धार्मिक मामलों में दखल मानते हुये लंबे समय से इस कानून का विरोध कर रहे हैं। पहले बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर के सामने ही आमरण अनशन पर बैठे थे परन्तु गत 27 फरवरी को प्रशासन द्वारा इन्हें महाबोधि मंदिर परिसर से हटा दिया गया। इसके बाद अब बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर से एक किलोमीटर की दूरी पर दोमुहान नामक स्थान पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गोया बौद्ध धर्म के लोग भी अपने धार्मिक मामलों में दूसरे धर्म के लोगों की दखलअंदाजी सहन नहीं कर पा रहे फिर आखिर मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दखल देने का मकसद क्या ? रहा सवाल भाजपा द्वारा इस विधेयक के माध्यम से मुस्लिम हितों की बातें करने का या इस विधेयक को मुस्लिम हितैषी बताने का तो पूरी दुनिया देख रही है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने जिस 'गुजरात मॉडल ' को देश में लागू करने की बात कही थी वह गुजरात मॉडल दरअसल क्या है ? आज भाजपा के पूरे देश में कोई सांसद या विधायक नहीं है। जगह जगह मदरसे बंद कराये जा रहे हैं। मस्जिदों व कब्रों को खोदने का सिलसिला चल रहा है। जिन पसमांदा मुसलमानों के हितों की भाजपा बात करती है उसी समाज के कितने लोगों के घरों को बुलडोजर से तहस नहस कर दिया गया है। उन्हीं पसमांदा मुसलमानों के व्यवसायिक व सामाजिक बहिष्कार की अपील भाजपाई समर्थक करते रहते हैं। संवैधानिक मूल्यों की धज्जियाँ उड़ाते हुये हिन्दू राष्ट्र निर्माण की बात अनेक नेताओं व कथित धर्मगुरुओं द्वारा सरे आम की जा रही है। ऐसे वातावरण में वक़्फ़ विधेयक 2025 को मुसलमानों का हितैषी बताने का दावा, निगाहें कहीं हैं और निशाना कहीं जैसा ही है।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने व्यक्तित्व में निखार लाने की पूरी कोशिश करेंगे। घर-परिवार में माहौल भी अच्छा रहेगा। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। आप उन्हे कहीं डिनर डेट पर लेकर जा सकते हैं, लेकिन आपकी संतान को पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए आपको उनके मन में चल रही है उलझनों को जानने की कोशिश करनी होगी। आप किसी नए मकान के खरीदारी की योजना बना सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपको रूपए-पैसे से संबंधित मामलों को परिवार में ही मिल बैठकर दूर करने से बेहतर लाभ मिलेंगे। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से किस स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपकी कामों से आपकी एक नई पहचान बनेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको करियर में कोई अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। संतान ने यदि किसी प्रतियोगिता को दिया था, तो उसमें उन्हें अच्छी सफलता हासिल होती देख रही है। आपके अच्छे कामों की सराहना होगी। आपको कोई सम्मान भी मिल सकता है। आपको एक साथ काफी काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन नौकरीपेशा लोगों को कोई अच्छा पद मिलने से आज उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। आप किसी बड़े लाभ के चक्कर में छुटपुट लाभ को हाथ से जाने नहीं देंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपसे कार्यक्षेत्र में यदि कोई गलती हो, तो आप उसके लिए अपने बॉस से तुरंत माफी मांगे। आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा। आपका कोई पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद खड़ा हो सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर कुछ नई योजनाएं बना सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहने से खुशियां बनी रहेगी। व्यक्तिगत जीवन में आपको पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने कामकाज को लेकर थोड़ा टेंशन लेंगे, क्योंकि पार्टनरशिप में आपको कोई धोखा मिल सकता है। आप किसी जिम्मेदारी को संतान को दे सकते हैं, लेकिन वह उसमें ढील दे सकते हैं। आपका कोई छुपा हुआ राज परिवार के सदस्यों के सामने आ सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए अपने कामों में कोई बदलाव करने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस की योजनाओं को लेकर अपने भाइयों से सलाह करेंगे। किसी सरकारी टेंडर के आपको मिलने की संभावना है। आपकी किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी अच्छी छाप रहेगी। आपको कोई बड़ा पद भी मिलने की संभावना है।

तुला- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपका कोई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है। आपको अपने खान-पान पर पूरा ध्यान देना होगा, नहीं तो पेट में कोई गड़बड़ी हो सकती है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए बिजनेस कर रहे लोगों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपका आपकी मेहनत के अनुसार फल ना मिलने से आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा, लेकिन आपको लोगों की भावनाओं का सम्मान करना होगा। आप दूसरों की मदद के लिए आगे आएंगे। परिवार में सदस्यों से कुछ आपसी मतभेद होने से दूरियां सकती हैं। आप किसी नए काम को करने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा अवश्य करें। किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए आप कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए खुशहाली लेकर आएगा। आपको थोड़ा सोच समझकर कोई निर्णय लेने की आवश्यकता है। आप किसी अजनबी की बातों पर भरोसा ना करें। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आपको करियर को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। संतान को आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं। आप जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइस प्लान करेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी भी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है, जिसके लिए आपको किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लेना होगा। माताजी आपको कोई काम सौप सकती है, जिसमें आप ढील बिल्कुल ना दें। आप अपने आलस्य के कारण अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश में लगे रहेंगे। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है, जिससे आप पुराने के गिले शिकवे न उखाड़े।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सुख-शांति से भरा रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको ईषालु व झगड़ालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके मन में आज काम को लेकर टेंशन रहेगी। जिसे आप अपने बॉस से शेयर कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आप अपने परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। कामकाज में आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपको धैर्य और साहस बनाए रखने की आवश्यकता है। परिवार में किसी छोटे बच्चों की सेहत में गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे। आपको अपने पिताजी से कुछ पारिवारिक बिजनेस को लेकर बातचीत करनी होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई बड़ा पद मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से मेल-मिलाप कराने जा सकते हैं।

(विश्व स्वास्थ्य दिवस विशेष)

# रोजाना बड़ी मात्रा में स्लो पॉइजन का सेवन

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**



आज के आधुनिक युग में मनुष्य ने जितनी तरक्की की है, उतना ही स्वास्थ्य से खिलवाड़ भी हुआ है और वक्त के साथ यह लगातार बढ़ रहा है, जिसका कारण मनुष्य स्वयं हैं। हृदय रोग, मस्तिष्क आघात, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से बढ़ रही है, साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, मोटापा, कमजोरी, आहार में पोषक तत्वों की कमी की समस्या तो चरम पर है, इस वजह से असमय मौत का आंकड़ा दिन-ब-दिन बढ़ रहा है, कुछ पल पहले एकदम स्वस्थ नजर आनेवाला व्यक्ति, बड़ों से लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी खेलते या व्यायाम करते हुए या बैठे-बैठे भी गश खाकर गिरते है और पता चलता है कि मौत हो गयी। एक दशक पहले जो जानलेवा बीमारियां हमें केवल कभी-कभार ही सुनने मिलती थी, अब वो बीमारियां रिश्ते-नातेदारों, आस-पड़ोसियों और हमारे घर-परिवार के लोगों तक पहुंच चुकी हैं। मनुष्य का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहद कमजोर हुआ है, मौसम के करवट लेते ही बीमारियां तुरंत जकड़ लेती हैं। हमारे देश में औसत आयु दर पाश्चात्य देशों की तुलना में लगातार गिर रही हैं। विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 में 143 देशों में से भारत को 126वां स्थान दिया गया। भारत खुशी के मामले में पाकिस्तान, लीबिया, इराक, फिलिस्तीन और नाइजर जैसे देशों से भी पीछे हैं। कभी इस समस्या पर गंभीरता से विचार किया है कि बीमारियां तेजी से क्यों बढ़ रही है? क्या वजह हो सकती है? स्वस्थ जीवन जीने के लिए क्या हमें रोज शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ पानी और पोषक आहार पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है? प्रदूषण और अस्वच्छता हमारी सांसे छीन रही हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक 2024 आंकड़ों के अनुसार, विश्व के उच्चतम पांच सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में भारत देश हैं। भारत का लगभग 70 प्रतिशत जल प्रदूषित है, तथा देश की लगभग आधी नदियाँ पीने या सिंचाई के लिए असुरक्षित है, इस कारण 2024 के वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में से भारत 120वें स्थान पर हैं। 2023 में बीएमजे में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में हर साल 2.18 मिलियन मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। लैंसेट 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में 500,000 से अधिक मौतें जल प्रदूषण के कारण हुईं। बड़े पैमाने पर देश में हजारों करोड़ रुपयों का नकली दवाइयों का कारोबार चलता है, बड़े-बड़े सरकारी अस्पतालों में तक नकली दवाइयाँ मरीजों को बांटी जाती हैं। एशिया के बड़े अस्पतालों में शामिल महाराष्ट्र राज्य के नागपुर में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में यह घटना हाल ही में उजागर हुयी। अन्न उगाने से लेकर हमारे थाली में परोसने तक उसे अनेक हानिकारक रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजारा जाता हैं। देश में अशुद्ध खान-पान और अस्वच्छता की समस्या बहुत ही ज्यादा है, लोग स्वार्थ और लालच में इतने अंधे हो चुके है, कि अपने एक रुपये के फायदे के लिए भी लोगों को जहर खिलाने तैयार हैं। शहद, मसाला, चाय पत्ती, तेल, दूध, मिठाइयां, घी, केसर जैसे खाद्यपदार्थों में मिलावट बहुत ज्यादा हैं। बाहरी खाद्य पदार्थों के रंग बहुत ज्यादा तेज और आकर्षित नजर आते है, अधिकांश खाद्य पदार्थों को रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों के स्थान पर हानिकारक कृत्रिम रंगों का उपयोग किया जाता है, खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल होने वाला बाहरी बर्फ, पानी, चटनियां, सॉसेज, खाद्यतेल गुणवत्ता की कसौटी पर अधिकतम खरी नहीं उतरतीं। देश के अधिकतर स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सामग्रियों में बिना दस्तानों के सीधे हाथ लगाने की बहुत बुरी आदत नजर आती है, इसका खामियाजा ग्राहकों के स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता हैं। जो पशुओं के लिए भी ठीक नहीं, वह खाद्य अर्थात घातक कचरा मनुष्य स्वाद लेकर खा रहा हैं। देश में ज्यादातर खाद्य पदार्थों को पैक करने और लपेटने में अखबारों का इस्तेमाल किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। एफएसएसएआई के अनुसार, खाद्य पैकेजिंग सामग्री के रूप में शोषक कागज के बजाय समाचार पत्रों के व्यापक उपयोग के कारण भारतीयों में धीरे-धीरे विषाक्तता फैल रही हैं। मैदा रासायनिक रूप से प्रक्षालित (जहरीला) होता है, इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स उच्च होता है जिससे टाइप 2 डायबिटीज हो सकता है, इसमें फाइबर की कमी के कारण यह पाचन तंत्र में बाधा डालता है। खाद्य तेल का व्यापक स्तर पर पुनर्चक्रण कर जंक फूड तैयार किया जाता है, तेल को बार-बार गर्म करने से लिपिड का ऑक्सीडेटिव विघटन होता हैं। दोबारा गर्म किए गए तेल से बने भोजन का लंबे समय तक सेवन करने से व्यक्ति के एंटीऑक्सीडेंट रक्षा नेटवर्क पर गंभीर असर पड़ सकता है, जिससे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और संवहनी सूजन जैसी विकृतियां पैदा हो सकती है, आगे चलकर यह जानलेवा बीमारियों का कारण बनते हैं। जंक फूड या बाहरी फूड से उच्च कोलेस्ट्रॉल, हृदय रोग, मधुमेह, गुर्दे की क्षति, मोटापा, यकृत रोग, कैंसर, दंत क्षति, अवसाद, पेट संबंधी विकार, त्वचा संबंधी रोग जैसी समस्याओं की संभावना बढ़ती हैं। पैक्ड फूड, पेय के कारण हम माइक्रोप्लास्टिक का सेवन कर रहे हैं। भारत में 56 प्रतिशत बीमारियाँ अस्वास्थ्यकर आहार से संबंधित हैं। आयुर्वेद कहता है कि, यदि आहार सही नहीं है तो स्वास्थ्य सुधारने के लिए दवा भी काम नहीं करती। स्ट्रीट फूड शेफ या खाद्यपदार्थ विक्रेता सरकारी निदेशों का कड़ाई से पालन करें। अपने हाथ स्वच्छ धोएं, स्वच्छ बर्तन व उपकरण का प्रयोग करें, दुकान पर स्वच्छता बनाए रखें, कच्चे और पके भोजन को अलग रखें, खाद्यपदार्थ तैयार करने के लिए पीने के पानी का उपयोग करें। धुले हुए साफ कपड़े पहनें, खाद्यपदार्थ बनाते और परोसते समय दस्ताने और एप्रन पहनें। काम करते समय अपना चेहरा, बाल ढकें और अपने चेहरे, सिर, बालों को या शरीर में अन्य कही भी छूने या खरोंचने से बचें। नाखून कटे हुए और साफ रखें। खाद्य पदार्थों को सुरक्षित तापमान पर रखें, बेहतर व अच्छे गुणवत्ता के कच्चे माल का चयन करें, स्थानीय सरकारी नियमों के अनुसार कचरे का योग्य निपटान करें। तलने के लिए एक ही तेल का पुनर्चक्रण न करें, खाद्यपदार्थों को ढककर रखें, बांसी खाद्यपदार्थों की बिक्री न करें। इन नियमों का पालन सख्ती से होना चाहिए। भले ही स्वच्छता और गुणवत्ता के लिए थोड़ा पैसा ज्यादा खर्चना पड़े, लेकिन सेहत से खिलवाड़ न हों। हमें मरने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है, हमारा आसपास का वातावरण और हमारी जीवनशैली ही है जो हमें असामयिक मृत्यु की ओर तेजी से ले जाती है। देश में बहुत से वायरल फूड वीडियो, खबरों से भी खाद्य पदार्थों में गंदगी, घटिया गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री, घातक रासायनिक प्रक्रिया, विषैले रंग और मिलावटखोरी की जानकारी मिलती हैं।

विमर्श

# भारत समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की भूमि है

**किशन सनमुखदास भावनानीं**



किसी भी देश की सांस्कृतिक, साहित्यिक सभ्यता विरासत को संजोकर रखने का काम जितनी संजीदगी, गंभीरता, सुव्यस्था के साथ संग्रहालयों द्वारा किया जाती है शायद किसी अन्य व्यवस्था, संस्था द्वारा करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसीलिए हर देश के पौराणिक, महत्वपूर्ण संग्रहालयों को सैल्यूट! साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत आदि जुगादि काल से ही, मानव की सभ्यता की शुरूआत से ही समृद्ध, संस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने की विशेष भूमि रही है, यही कारण है कि आज भारत में 1,000 से अधिक संग्रहालय न केवल इस सांस्कृतिक धरोहर रूपी विरासत को प्रदर्शित करने और संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित भी कर रहा है। साथियों बात अगर हम हमारी अगली शायद सैकड़ों पीढ़ियों के लिए अपने इस अनमोल संस्कृतिक, संस्कृति, भारतीय सभ्यता को संरक्षित करने की करें तो इसे अत्यंत सुरक्षा के साथ संरक्षित करना न केवल हमारा कर्तव्य है बल्कि एक बहुत बड़ी विशालकाय जवाबदारी भी है क्योंकि हमारी अगली पीढ़ियों का सवाल है!! उन्हें भी भारतीय परंपरा, संस्कृति, सभ्यता का अभूतपूर्व ज्ञान हो।

साथियों बात अगर हम आज के डिजिटल युग में हमारी विरासत, धरोहर को संरक्षित करने की करें तो डिजिटलाइजेशन के कारण हमारी संस्कृति, विरासत, सभ्यता को सुरक्षित, संरक्षित करने में आसानी उपलब्ध हुई है।

साथियों मानवीय रूप से संरक्षित करने के अनेक खतरे और असुविधाएं थी। मसलन-प्राकृतिक विपत्तियों से खतरा, दीमक कीड़ों इत्यादि से खतरा, मानवीय हरकत के कारण चोरी, विलुप्तता का खतरा हमेशा बना हुआ था। परंतु डिजिटलाइजेशन के कारण हमारी धरोहर, विरासत को इलेक्ट्रॉनिक रूप से संरक्षित करने, अनेक डिवाइसेज में ट्रांसफर कर एक नहीं बल्कि एक ही सांस्कृतिक विरासत को अनेक स्थानों पर संरक्षित किया जा सकता है जिससे यह सदियों तक सुरक्षात्मक घेरे में रहेगी परंतु उस विरासत धरोहर को फिजिकल रूप में भी सुरक्षित रखना ही है। साथियों इसलिए संग्रहालयों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। संग्रहालयों को इसी विशेष भूमिका को रेखांकित करते हुए संस्कृति मंत्रालय ने 15 से 16 फरवरी 2022 को एक विशेष भारत में संग्रहालयों की पुनर्कल्पना पर पहले वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया है तथा नए संग्रहालयों पर डिजिटल




संवर्धित वास्तविकता और वर्चुअल वास्तविकता जैसी आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित नए संग्रहालयों के निर्माण पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया गया है।इस ऑनलाइन चलने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन में भारत, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इटली, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन जैसे देशों के प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे साथियों बात अगर हम भारत में संग्रहालयों की पुनर्कल्पना पर अपनी तरह के पहले, दो दिनों तक चलने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन की करें तो संस्कृति मंत्रालय की पीआईबी के अनुसार, यह वैश्विक शिखर सम्मेलन भारत और दुनिया भर में संग्रहालय विकास और प्रबंधन के क्षेत्र से जुड़ी अग्रणी हस्तियों, इस क्षेत्र के विशेषज्ञों और पेशेवरों को एक साथ लाएगा, ताकि सर्वोत्तम तौर-तरीकों और रणनीतियों पर चर्चा की जा सके। इसमें 25 से अधिक संग्रहालय विज्ञानी और संग्रहालय से जुड़े पेशेवर संग्रहालयों के लिए नई प्राथमिकताओं और तौर तरीकों के बारे में गहन विचार -विमर्श करेंगे। ज्ञान साझा करने के परिणामस्वरूप नए संग्रहालयों के विकास के लिए एक ब्लूप्रिंट तैयार होने के साथ-साथ एक नया कार्यक्रम तैयार होगा और भारत में मौजूदा संग्रहालयों को फिर से जीवंत करने का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में यह शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जो भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश की जनता, इसकी संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का उत्सव मनाने के लिए प्रमुख कार्यक्रम है। शिखर सम्मेलन के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा,भारत समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की भूमि है जो मानव सभ्यता की शुरूआत से ही है। आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान, हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने, सुरक्षित करने और उसे कायम रखने के लिए नए सिरे से अपना ध्यान केंद्रित करने तथा समर्पित करने पर गर्व हो रहा है। भारत के 1000 से अधिक संग्रहालय न केवल इस सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने और संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी शिक्षित करते हैं। ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में चार व्यापक विषय शामिल होंगे- वास्तुकला और कार्यात्मक आवश्यकताएं, प्रबंध, संग्रह (क्यूरेशन और संरक्षण के तौर-तरीकों सहित) और शिक्षा एवं दर्शकों की भागीदारी। उन्होंने कहा,पिछले वर्षों में आकर्षक प्रदर्शों और विषय-सामग्री सहित, डिजिटल, संवर्धित वास्तविकता और वर्चुअल वास्तविकता जैसी आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित नए संग्रहालयों के निर्माण पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया गया है। हमने मौजूदा संग्रहालयों के उन्नयन में भी काफी निवेश किया है ताकि वे नई पीढ़ी के लिए प्रासंगिक बने रहें। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की भूमि है।भारत मानव सभ्यता की शुरूआत से ही समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की भूमि रही है भारत में संग्रहालयो की पुनर्कल्पना पर पहले वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन सराहनीय कदम है।

## एक नजर

### राज्य में पारदर्शिता और लोककल्याण की दिशा में सीएम साय का महत्वपूर्ण कदम

**सुकमा, 07 अप्रैल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में सुशासन तिहार -2025 के आयोजन का ऐलान किया है, जो शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा। सुशासन तिहार-2025 का पहला चरण 08 से 11 अप्रैल 2025 तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था की जाएगी और आवेदनकर्ताओं को पावती दी जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित अधिकारियों द्वारा इन्हें एक माह के भीतर निराकृत किया जाएगा। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इनका समाधान सुनिश्चित करना होगा। आवेदन के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा राज्य और जिला स्तर पर की जाएगी। समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से 31 मई 2025 तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी और जहां संभव होगा, वहीं समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस तिहार में स्थानीय सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वे तिहार के प्रत्येक चरण में शामिल होंगे और जनता से सीधे संवाद करेंगे।

### स्वास्थ्य विभाग ने लू की रोकथाम और बचाव के लिए एडवायजरी की जारी

**सुकमा, 07 अप्रैल।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जिले में आम जनता को लू (हिट स्ट्रोक) से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। संपूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापमान में औसत रूप में वृद्धि हुई है, जिसके कारण प्रदेश के साथ हमारे जिले में भी भीषण गर्मी पड़ने एवं लू चलने की संभावना है। गर्मी के कारण सामान्य जनमानस प्रभावित होता है, जिससे लू लगना एवं अन्य जलजनित बीमारियाँ होने की होने की संभावना बढ़ जाती है। गर्मी के कारण लू से बचाव तथा जलजनित संक्रामक बीमारियों से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु पूर्व से तैयारी किया जाना अतिआवश्यक है। इस परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सावधानी रखने दिशा निर्देश जारी किए हैं। सिर में भारीपन एवं दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह सुखाना, चक्कर व उल्टियां होना, कमजोरी के साथ शरीर में अत्यधिक दर्द होना, पसीना नहीं आना, अधिक प्यास लगना लेकिन पेशाब का कम होना, भूख कम लगना, घबराहट लगाना, बेचौनी होना, बेहोश हो जाना आदि लू के लक्षण है। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और लवण मुख्यत नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न जाए, घर से बाहर जाना ही हो तो, खाली पेट न जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कान को मुलायम कपड़ों में अच्छी तरह से बांध ले तथा आंख में भी रंगीन चश्मा लगा ले, पानी साथ लेकर घर से निकले एवं बीच बीच में पानी पीते रहे, अधिक समय तक धूप में न रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम, सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस की घोल पीएं। चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करे तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, दही, लस्सी, मठा, आदि का सेवन करें।

### संसद में गूंजी इंद्रावती नदी की पुकार, बस्तर सांसद ने किसानों के लिए उठाई आवाज

**जगदलपुर, 07 अप्रैल।** गर्मी की दस्तक के साथ ही इंद्रावती नदी की धारा सूखने लगी है. यह बात की गूंज दिल्ली तक हुई है, जहां संसद में क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने मुद्दा उठाते हुए केंद्रीय जल मंत्री से समाधान की मांग की है। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने संसद में बताया कि ओडिशा के जोरा नाले के डायवर्सन से जगदलपुर और आसपास जल संकट गहरा गया है, फसलें सूख रही हैं, किसानों को पानी नहीं मिल रहा. इधर प्रशासन सिर्फआश्वासन दे रहा है. सांसद ने केंद्रीय जल मंत्री से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच समाधान की मांग की। केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर ही ओडिशा सरकार ने जोरा नाले का स्ट्रक्चर ऊंचा किया और नदी में जमी रेत हटाने का काम शुरू हुआ था, जिसके बाद उपजी समस्या से निपटने के लिए किसानों ने संघर्ष किया और अब सांसद महेश कश्यप के संसद में मामला उठाने से उन्हें राहत की उम्मीद जगी है।

### राष्ट्रसेवा और अंत्योदय के पवित्र विचारों से प्रेरित है भारतीय जनता पार्टी : साहू

**धमतरी 07 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने अपने निवास में भाजपा झंडा लगाई एवं धमतरी बठेना वार्ड पुरोधा परम श्रध्देय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण कर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दिए, श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि त्याग, समर्पण, और राष्ट्र की सेवा में सतत कार्यरत कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी कि पहचान है, मुझे गर्व है कि मैं भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता हूं, जिनके पुरखों की तपस्या, प्रभावी नेतृत्व और राष्ट्रप्रथम की विचारधारा ने जन-जन को संगठित कर मां भारती की सेवा के लिए तैयार की है, हम सभी कार्यकर्ता भाजपा की नींव रखने वाले महापुरुषों के आशीर्वाद के साथ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को आत्मसात कर विकसित भारत के निर्माण हेतु संकल्पबद्ध होकर अपना योगदान दे जिससे हमारा भारत देश विकसित भारत श्रेष्ठ भारत का हमारा सपना साकार हो। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि राष्ट्रसेवा और अंत्योदय के पवित्र विचारों से प्रेरित है भारतीय जनता पार्टी, जिसमें जन उत्थान के लिए समर्पित की भावना भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं में रही है, भारतीय जनता पार्टी ने ग्राम पंचायत के पंच पद से लेकर प्रधानमंत्री पद के सफर में सिर्फराष्ट्र सेवा भारत माता की सेवा करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ी और आज शीर्ष नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है या हमारे पुरोधाओं का आशीर्वाद है।

# जयघोष के साथ निकली रामलला की भव्य शोभायात्रा





- रामनवमी पर भगवामय हुआ शक्तिपीठ
- शोभायात्रा से पूर्व निकाली गई बाइक रैली
- शिव अघोरी तांडव अघोरी व बाहुबली हनुमान रहे आकर्षण का केंद्र
- विधायक चैतराम ने भगवान राम व हनुमानजी की पूजा अर्चना की।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 07 अप्रैल।** हिन्दु सनातन धर्म के पूज्यनीय आराध्य देव भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमीं का पर्व शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में हर्षोल्लास एवं धुमधाम से मनाया गया। रामनवमीं के मद्देनजर पूरे शहर को भगवामय किया गया था। श्रीराम नवमीं उत्सव समिति दंतेवाड़ा द्वारा रामजन्मोत्सव पर नगर में रामलला की भव्य झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा आरंभ होने से पूर्व आंवराभाटा स्थित माईजी परिसर में पहुंचकर विधायक चैतराम अटामी, नपा अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा द्वारा रामलला एवं हनुमानजी की प्रतिमा की पूजा अर्चना की जिसके बाद शोभा यात्रा प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन देर रात बस स्टेंड हनुमान मंदिर परिसर में रामजी की महाआरती पश्चात संपन्न हुआ। रामनवमीं के अवसर पर रविवार सुबह माईजी के मंदिर में कन्या भोज व हवन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। चैत्र नवरात्रि के आखरी दिन होने से माता मंदिर में भक्तों की जबरदस्त भीड़ रही। रामनवमीं पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नगर में रामजन्मोत्सव का कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ मनाया गया। रविवार शाम को आंवराभाटा स्थित मां माईजी डोली स्थल से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा से पूर्व युवाओं ने शहर में एक विशाल बाईक रैली का भी आयोजन किया जिसमें सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल रहे। इस दौरान लोग भगवा झण्डा हाथों में लिये बाईक पर सवार होकर पूरे नगर की परिक्रमा की। इसके बाद सायं 6 बजे शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया।

शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम चंद्रजी की एक भव्य रथ बनाया गया था जिसमें रामलला संग हनुमान जी की 8 फीट की आकर्षक प्रतिमा के साथ ही एक अन्य झांकी में रामलला के बाल रूप वाली प्रतिमा भी रखी गई थी जो लोगों के लिये आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभा यात्रा में सबसे प्रमुख आकर्षण राजनांदगांव की राजन आर्ट ग्रूप द्वारा शिव तांडव अघोरी दल रहा जिन्होने शानदार प्रस्तुति देकर शोभा यात्रा में आए रामभक्तों का जबरदस्त मनोरंजन किया। शिव अघोरी तांडव को देखने सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शोभा यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे थे। बाहुबली हनुमान भी शोभा यात्रा में आकर्षक का केंद्र रहे। बच्चे विशाल बाहुबली हनुमान को देख काफी खुश हुए। बाल हनुमान के साथ लोग सेल्फी भी लेते रहे। शोभा यात्रा में शामिल होने बड़ी तादाद में युवा रामभक्त पहूंचे थे। इस दौरान लोगों ने हाथों में भगवा झण्डा थाम रखा था। कई युवा भक्त यात्रा के दौरान पारंपरिक शस्त्र भी लेकर चल रहे थे। । शोभा यात्रा के दौरान सारंगा डीजे की धुन पर सैकड़ों रामभक्त घंटों थिरकते रहे। पूरे यात्रा के दौरान हर घर भगवा छाएगा, राम राज फिर आएगा, एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम की जयघोष सुनाई पड़ती रही। भगवान राम की शोभा यात्रा को देखने व रामलला के दर्शन करने भारी तादात में लोग घरों व दुकानों से सड़कों पर निकल आए थे। झांकी में आतिशबाजी व सारंगा डीजे की धुन पर नाचते गाते रामभक्त आगे आगे चल रहे थे वहीं झांकी में सबसे आगे गौर नृत्य दल में आदिवासी गौर नृत्य करते हुए शोभा यात्रा की भव्यता को चार चांद लगा रहे थे।

# रामनवमी पर पर्णकुटी राम मंदिर में हुए अनुष्ठान



- मंदिर में रामनवमी का पहला आयोजन
- रामायण पाठ, अभिषेक, हवन-पूजन व भंडारा में शामिल हुए भक्तजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 07 अप्रैल।** श्री राम नवमी के पवन अवसर पर दंतेवाड़ा के डकनी तट पर स्थित श्री राम मन्दिर पर्णकुटी में विविध अनुष्ठान हुए। स्थापना के बाद पहली बार यहां राम नवमी मनाई गई, जिसे लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखा। चैत्र नवरात्रि पर यहां घट स्थापना की गई थी। रामनवमी पर सुबह यहां रामायण पाठ व भगवान श्रीराम का अभिषेक-पूजन हुआ। दोपहर में हवन-पूर्णाहुति हुई।

इस आयोजन में दंतेवाड़ा नगरवासियों के अलावा दूर-दराज के गांवों से भी लोग शामिल हुए। भक्तों के लिए भंडारा आयोजित कर खिचड़ी व प्रसाद का वितरण किया गया। नगर में सनातन हिन्दू समाज की बाइक रैली में शामिल जन भी इस मंदिर में पहुंचे और रामजी का दर्शन-पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया।

**घास-फूस से बनी पर्णकुटी-** इसी साल 22 जनवरी को यहां बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज ने पर्णकुटी का निर्माण कर प्रभु श्रीराम को विराजित किया है। गांव-गांव से घास लाकर जन सहयोग से यह पर्णकुटी बनाई गई। वनवास काल मे भगवान श्रीराम ने दंडकारण्य में 10 साल समय बिताया था, इस दौरान घास-फूस की पर्णकुटी बनाकर रहते थे।

इसी वजह से मन्दिर को फिलहाल पर्णकुटी का स्वरूप दिया गया है। आने वाले समय में इस स्थल पर आराध्य देव भगवान श्रीराम जी की एक भव्य मंदिर की स्थापना जनसहयोग से की जाएगी। पर्णकुटी में भगवान राम की सुबह शाम आरती पूजा भी की जा रही है।

## बालक आश्रम में पेयजल संकट



**सुकमा, 07 अप्रैल।** सौर उर्जा सिस्टम एक वर्ष से खराब है। इस कारण मरईगुड़ा बालक आश्रम में जल संकट है। पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। आश्रम अधीक्षक रमेश ने बताया कि सौर उर्जा खराब होने की जानकारी विभाग को कई बार दी जा चुकी है। पानी की आपूर्ति नहीं होने से बच्चों को भारी परेशानी हो रही है।

## ग्रामीणों को वाहन में भरकर भेजना प्रशासन की अमानवीयता: लखेश्वर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 07 अप्रैल।** बस्तर पंडुम-जहां आदिवासी संस्कृति का उत्सव मनाया जा रहा हैं वह अब शासन की लापरवाही और सत्ता की दिखावटी भूख का शोकगीत बन गया है पालनार से आदिवासी ग्रामीणों को पिकअप में भरकर जिस तरह बस्तर पंडुम के लिए रवाना किया गया, वो न सिर्फ़ प्रशासन की अमानवीयता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि मौजूदा सरकार के लिए इंसानी ज़िंदगियों की कोई अहमियत नहीं रह गई है। जिस पिकअप में हादसा हुआ, उसमें ठूंस-ठूंसकर ग्रामीणों को भरकर रवाना किया गया, ताकि अमित शाह की सभा में %भीड़% दिखाई जा सके क्या आदिवासी समुदाय की अस्मिता और सुरक्षा को इस तरह कुचलकर सत्ता के मंच की रौनक बढ़ाई जाएगी। इस हादसे में कई महिलाएं और ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए हैं, कुछ की उंगलियां तक कट गईं यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सत्ता की जल्दबाज़ी और दिखावे की राजनीति का परिणाम है। एक तरफ़ मंच की चकाचौंध है, दूसरी तरफ़ अस्पतालों में कराहते हमारे आदिवासी भाई-बहन बस्तर की ज़मीन पर फिर से साबित हुआ कि सत्ता के नशे में डूबी सरकार को इंसान की नहीं भीड़ की ज़रूरत है। अमित शाह की सभा में तालियाँ गूंजें, इसके लिए पालनार की



पगडंडियों पर मासूमों की चीखें गूंज रही हैं महिलाओं की उंगलियाँ कट गईं, बच्चों की हड्डियाँ टूटीं क्या यही %सबका साथ, सबका विकास% है। बस्तर कोई भीड़ का मैदान नहीं, आदिवासियों की आत्मा है लेकिन डबल इंजन सरकार ने इसे तमाशे का मंच बना दिया है जहां इंसान सिर्फ़ संख्या बन गए हैं क्या विष्णुदेव की सरकार में आदिवासियों की सुरक्षा की कोई कीमत नहीं क्या अमित शाह की सभा के लिए जिंदगी दांव पर लगाना जरूरी था। बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल, ने इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा की हम मांग करते हैं कि घायलों को अविलंब बेहतर इलाज मिले, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो और केंद्र व राज्य सरकार पीड़ितों को समुचित मुआवजा दे।

## नगर में चैत्र नवरात्र की नवमी पर कलश विसर्जन



**गीदम, 07 अप्रैल। गीदम में चैत्र नवरात्र की नवमीं पर कलश विसर्जन हुआ । चैत्र नवरात्र पर नगर के विभिन्न मंदिरो में ज्योतिकलश जलाए गए थे। नौ दिनों तक माता दुर्गा के अलग-अलग रूपो की पूजा अर्चना की गई । इसके पश्चात महा दुर्गाअष्टमी पर हवन का आयोजन हुआ । वही नवमी पर भंडारे के बाद शीतला माता मंदिर परिसर के पास स्थित डैम में कलश विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्र का समापन हुआ।**

# जय सियाराम से गूंज उठा गीदम





- धूमधाम से मनाया गया मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव
- नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, पटाखे फोड़ गए
- डीजे की धुन में थिरके रामभक्त
- बाबा रामदेव मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन
- देर शाम आरती के बाद भंडारे का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 07 अप्रैल।** गीदम नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सुबह से ही बाबा रामदेव मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही । सुबह 10 बजे से मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के दौरान रामायण एवं भजन का भी आयोजन किया गया। इसके पश्चात शाम 4 बजे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। वही शाम 6 बजे से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के बाबा रामदेव मंदिर से शुरू होकर हारम तिराहे व वापस नपं कार्यालय से बाबा रामदेव मंदिर पहुँची। इस भव्य शोभायात्रा में भगवान स्वरूप रथ पर विराजमान छोटे-छोटे बच्चे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान जी की वेशभूषा धारण किये हुए थे जो पूरे शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बने रहे । वही रथ के सामने चल रहे बस्तर का ढोल नृत्य मानो इस रथ की शोभा दोगुनी कर रहा हो । इधर शोभायात्रा में युवाओ के साथ-साथ महिलाओं में भी अच्छा खासा उत्साह देखा गया । लोग भगवान श्री राम की भक्ति में डीजे के धुन में जमकर झूमते व थिरकते नजर आए । जगह-जगह पटाखे फोड़ कर जश्न भी मनाया गया। इधर शोभायात्रा विराम के बाद बाबा रामदेव मंदिर में भगवान श्री रामजी की आरती की गई इसके पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। इधर इस पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए श्री राम जन्मोत्सव समिति गीदम के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने नगर के सभी रामभक्तो का आभार भी जताया।

### सुरक्षा की दृष्टि से फायर ब्रिगेड भी रहा मौजूद

रामनवमी पर्व में शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी न हो इसके लिए फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था करवाई गई थी । बता दे कि शोभायात्रा के दौरान पटाखे फोड़ते वक्त या किसी अन्य कारणों से आगजनी जैसी किसी प्रकार की घटना न हो इसका भी ध्यान समिति द्वारा बारीकी से रखा गया था नतीजन शोभायात्रा में फायर ब्रिगेड की तैनाती विशेष तौर देखी गई।

## केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने बस्तर पंडूम में जनजातीय संस्कृति को सराहा

**दंतेवाड़ा, 07 अप्रैल।** बस्तर की धरती एक बार फिर अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जनजातीय जीवनशैली के अद्भुत प्रदर्शन का गवाह बनी। श्बस्तर पंडूम 2025श् के अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा के हाई स्कूल मैदान में आयोजित इस भव्य संभाग स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत की और जनजातीय विरासत की सराहना करते हुए विभिन्न जिलों के स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के सातों जिलों कृ दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, जगदलपुर और कांकेर कृ के जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों द्वारा पारंपरिक व्यंजनों, पेय पदार्थों, स्थानीय साग-सब्जियों और वनोत्पादों की प्रस्तुति की गई। इस आयोजन का उद्देश्य बस्तर की जनजातीय समृद्ध संस्कृति और परंपरा को राष्ट्रीय और वैश्विक पटल पर लाना और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने न केवल व्यंजनों और उत्पादों को निहारा, बल्कि स्थानीय लोगों से आत्मीय संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति, खानपान और जीवनशैली देश की अनमोल धरोहर है, जिसे देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने जनजातीय समाज के योगदान की सराहना करते हुए उनकी परंपराओं को संरक्षित रखने पर बल दिया।

**मुख्यमंत्री साय भी रहे मौजूद-**इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी मौजूद रहे। उन्होंने श्री अमित शाह को विभिन्न व्यंजनों की जानकारी दी और बस्तर की सांस्कृतिक विविधता को विस्तार से अवगत कराया।

## बस्तर के अधिकतर क्षेत्र लाल आंतक से मुक्त हो गए हैं इसमें जवानों की मुख्य भूमिका: शाह



**दंतेवाड़ा 07 अप्रैल।** केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर की कला संस्कृति समृद्ध को बस्तर पण्डूम के माध्यम देश विदेश तक पहुँचाने का एक मंच दिया गया। इस मंच की सफलता से देश के सभी राज्यों के जनजाति संस्कृति, खान पान, वेशभूषा, आभूषण, नृत्य संगीत को प्रोत्साहन देने के लिए सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा । बस्तर संभाग एक समय लाल आंतक से जाना जाता था आज यहाँ जनजातियों की सांस्कृतिक विरासत से सम्बंधित बस्तर पण्डूम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जो कि जवानों के साहस और पराक्रम के कारण ही संभव हो सका है। आज बस्तर के अधिकांश क्षेत्र लाल आंतक से मुक्त हो गए है और विकास की ओर अग्रसर है ।इसमें महत्वपूर्ण भूमिका डीआरजी के जवानों, पैरा मिलिटरी फोर्स, कोबरा बटालियन, छत्तीसगढ़ पुलिस की रही है। सुरक्षा कैम्प अंदरूनी इलाकों में स्थापित किए गए तो गाँव नक्सल मुक्त हुए। उन्होंने जवानों की हौसला करते हुए कहा कि लाल आंतक के खात्मे के लिए सरकार हर परिस्थिति में जवानों के साथ है। हमने सूचना तंत्र को मजबूत किया है ताकि तत्काल सूचनाएं मिल सकें। नक्सल हिंसा में हमारे कई जवान घायल होते है उनके लिए विशेष अस्पताल की स्थापना रायपुर और जगदलपुर में की जाएगी । केंद्रीय गृहमंत्री शनिवार को दंतेवाड़ा के पुलिस लाइन में सफल ऑपरेशन के जवानों से मुलाकात कर रहे थे । मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर पण्डूम कार्यक्रम के समापन समारोह पर हमारे केंद्रीय मंत्री श्री शाह का आना परम सौभाग्य है। मंत्री ने जब भी छत्तीसगढ़ का दौरा किया हमेशा हौसला बढ़ाने का काम किया है । वीर जवानों के इस मुलाकात कार्यक्रम में आप सभी ने अपने अनुभव साझा किए, जो क्षेत्र में शांति के आप अपना साहस दिखा है उसको नमन । उन्होंने जवानों को सफल ऑपरेशंस के लिए बधाई दी।

- नक्सल हिंसा में घायलों के लिए विशेष अस्पताल की स्थापना रायपुर और जगदलपुर में

## केन्द्रीय गृहमंत्री का ऐलान, नक्सलमुक्त गांव को मिलेगी 1 करोड़ रुपए की विकास निधि

**दंतेवाड़ा, 07 अप्रैल।** जनजातीय परंपराओं, लोक कला और सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक बस्तर पंडुम 2025 आज दंतेवाड़ा में भव्य समापन समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने अपने उद्बोधन में बस्तर पण्डुम को अगले वर्ष से राष्ट्रीय महोत्सव के रूप में मनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि देशभर के आदिवासी जिलों के कलाकारों को इस महोत्सव में आमंत्रित किया जाएगा, और बस्तर की संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने बस्तर पंडुम उत्सव में अपने उद्बोधन में जनजातीय आराध्य देवताओं को नमन किया। साथ ही महाराजा प्रवीर चंद भंजदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्होंने जल, जंगल, जमीन और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी एवं सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबू जगजीवन राम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्होंने दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बस्तर पण्डुम में 1850 ग्राम पंचायतों, 12 नगर पंचायतों, 8 नगर परिषदों, और एक नगर पालिका के कुल 47000 कलाकारों ने भाग लिया। यह उत्सव 12 मार्च से 5 अप्रैल तक चला और इस वर्ष 7 श्रेणियों में आयोजित किया गया। अगले वर्ष इसे 12 श्रेणियों में विस्तारित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर की बोलियां, वाद्य यंत्र, भजन और परंपराएं केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे भारत की सांस्कृतिक विरासत हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की कि जो गांव नक्सलियों के आत्मसमर्पण में सहयोग करेंगे, उन्हें ''नक्सली मुक्त गांव'' घोषित कर 1 करोड़ रुपये की विकास निधि दी जाएगी। उन्होंने अपील की कि ग्राम सभा कर गांवों को सरेंडर की प्रक्रिया में आगे लाएं।

## साहू समाज ने तेतरकुटी में मनाया रामनवमी पर्व



**जगदलपुर, 07 अप्रैल।** क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के द्वारा सामाजिक बन्धुओं की उपस्थिति में राम नवमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया। साहू समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू की अध्यक्षता में आमसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्त माता कर्मा जी आरती के साथ शुरूवात की गई। इस दौरान सभी सामाजिक बंधुओ ने भगवान श्री राम के चरित्र पर अपने अपने विचार रखे। सभा में भगवान श्री राम की जयंती रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तत्पश्चात् सभा में राम जी की स्तुति तथा आरती पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया। संध्या काल में गजानन मानस मण्डली तेतरकुटी के द्वारा रामायण कथा का वाचन किया गया। इस दौरान गणेश राम साहू, मोहन लाल साहू, बुधे लाल साहू, मलखन राम सोनवानी, शिव साहू, उमाशंकर साहू, चंद्र शेखर साहू, ए आर साहू, नीलमणि साहू, जोहन राम साहू, लाल बहादुर, डी एन साहू, लक्ष्मी साहू, उर्मिला साहू, प्रमिला साहू, सुकमती साहू, घनश्याम साहू, ओम साहू, गोपी राम साहू, पंचू राम साहू, पालन साहू, सुकबती साहू, चंपा साहू, रूपेंद्र साहू, जगदीश साहू, माखन साहू, भोज साहू, सुनीता साहू, सोनकुमारी साहू बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे.

# उमड़ा आस्था का सैलाब, भगवामय हुआ बीजापुर, निकली शोभायात्रा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 7 अप्रैल।** बीजापुर नगर राम नवमी का पर्व अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के मुख्य मार्ग भगवा ध्वजाओं और राम भक्तों के जयकारों से गुंजायमान रहे। इस अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण निर्मित कर दिया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

सर्व हिन्दू मंच और मॉर्निंग स्टार ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों की शुरुआत महा मंडलेश्वर शिव मंदिर में सुंदरकांड के संगीतमय पाठ से हुई। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्तगण एकत्रित हुए और भगवान राम के भक्ति रस में डूबे रहे। सुंदरकांड पाठ के समापन के पश्चात विशाल महा प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। दिन के बढ़ते तापमान को देखते हुए, मॉर्निंग स्टार ग्रुप के सदस्यों ने पुराने बस स्टैंड के समीप राहगीरों और भक्तों के लिए ठंडे शरबत की व्यवस्था की थी। भीषण गर्मी में शीतल शरबत पाकर लोगों ने आयोजकों की सराहना की। शाम ढलते ही राम नवमी के मुख्य आकर्षण - भव्य शोभायात्रा - का शुभारंभ हुआ। शाम ठीक 6 बजे रंगीन आतिशबाजी के अद्भुत प्रदर्शन के साथ शोभायात्रा ने अपना सफर शुरू किया। डीजे की भक्तिमय धुनों पर झूमते गाते राम भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी, जिसमें नया बस स्टैंड, डारापारा जैसे प्रमुख इलाके शामिल थे। पूरे रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान राम का स्वागत किया। शोभायात्रा का समापन भगवान शिव के मंदिर में हुआ, जहां आरती और प्रार्थना के साथ राम नवमी के कार्यक्रमों का समापन हुआ।झ शोभायात्रा में शामिल विशाल जनसमूह ने एकता और धार्मिक सौहार्द का संदेश दिया। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजकों ने शोभायात्रा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीजापुर में राम नवमी का पर्व पारंपरिक उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें भव्य शोभायात्रा, सुंदरकांड पाठ, महाप्रसाद वितरण और शीतल पेय की व्यवस्था मुख्य आकर्षण रहे। इस आयोजन ने शहर के लोगों को एक साथ आकर अपनी आस्था और संस्कृति का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया।

# बीजापुर की जय बूढ़ादेव समूह ने बस्तर पण्डुम में लहराया परचम



**जनजातीय पेय पदार्थों और विशिष्ट व्यंजनों की प्रदर्शनी में प्रतिभा का मनवाया लोहा**

**बीजापुर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर संभाग स्तरीय पण्डुम में बीजापुर जिले के जय बूढ़ादेव समूह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। समूह ने जनजातीय पेय पदार्थों और विशिष्ट व्यंजनों की प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जिसके फलस्वरूप उन्हें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों विजेता का पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि ने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है।

दंतेवाड़ा में आयोजित चार दिवसीय (2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक) इस संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम में बस्तर संभाग के सभी सात जिलों - दंतेवाड़ा, बीजापुर, कांकेर, बस्तर, सुकमा, नारायणपुर और कोंडागांव के विभिन्न समूहों ने अपनी पारंपरिक कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। इस दौरान जनजातीय पेय पदार्थों और व्यंजनों की एक आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसमें प्रत्येक जिले के प्रतिभागियों ने अपनी विशिष्टता प्रस्तुत की।

प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न जिलों के विशेषज्ञों ने पेय पदार्थों और व्यंजनों के स्वाद, उनकी प्रस्तुति और उन्हें बनाने की पारंपरिक विधियों के गहन मूल्यांकन के बाद विजेताओं का चयन किया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में बीजापुर के जय बूढ़ादेव समूह ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है और जय बूढ़ादेव समूह की इस सफलता को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान का सम्मान माना जा रहा है।

## एक नजर



**बीजापुर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आज भाजपा के दिग्गज नेता एवं बस्तर भाजपा प्रभारी जी. वेंकट ने अपने निवास स्थान पर पार्टी ध्वज लगाकर संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया। ध्वज लगाने के बाद भाजपा नेता जी. वेंकट ने पार्टी के कार्यकर्ता, वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### 5 लाख का ईनामी पीपीसीएम गिरफ्तार



**बीजापुर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना बासागुड़ा, कोबरा 210, 201, 202, 205 एवं 206 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान मिली सूचना के आधार पर चिलकापल्ली के जंगल से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन प्लाटून नम्बर 09 के पीपीसीएम बारसे जोगा पिता स्व0 गंगा उम्र 36 वर्ष निवासी पोलमपल्ली ओड़सापारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर को पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादी पर आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास योजना के तहत 05.00 लाख का इनाम घोषित था। पकड़ा गया माओवादी निम्नलिखित घटनों में शामिल था : 29 अक्टूबर 2024 को थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत पुतकेल के ग्रामीण दिनेश पुजारी की पुलिस मुखबिरी के आरोपी में धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर हत्या करना। 2 जून 2024 को पुतकेल कैम्प पर देशी BGL एवं स्वचलित हथियारों से हमला करना। 31 नवम्बर 2022 को थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत नेल्लाकांकेर नाला के पास पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल। 05 मार्च 2025 को गुंजेपर्ती कैम्प के पास सुरक्षा बल को जान से मारने एवं क्षति पहुचाने की नीयत से IED लगाने की घटना में शामिल। पकड़े गये माओवादी के कब्जे से विस्फोटक टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक वायर, माओवादी साहित्य एवं लोहे का चाकूनुमा हथियार बरामद किया गया। पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना बासागुड़ा में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

# लोगों से करोड़ों की ठगी कर रंजीत चौहान, सुदीप मंडल फरार, पुलिस ढूंढने का प्रयास नहीं कर रही

अनिल गर्ग



**रायगढ़, 7 अप्रैल।** रायगढ़ शहर के बहुचर्चित ठगी कांड के मास्टरमाइंड रंजीत और सुदीप की जुगल जोड़ी ने केवल 1 साल के भीतर करोड़ों रुपए ठग कर विलासिता की बहुत सी वस्तुएं खरीद ली सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फुटपाथ पर बैठकर मछली काट कर बेचने वाले सुदीप मंडल ने अपने घर के पास जमीन खरीद कर बाउंड्री करवाई, बोर खुदवाया, बच्चों का एडमिशन बड़ी स्कूल में करवाया, अपने घर में 5 एयर कंडीशन लगवाये, पल्सर मोटरसाइकिल खरीदी और न जाने क्या-क्या किया यह सब पुलिस जांच का विषय है. इसी तरह रंजीत चौहान ने चद्ध स्हहश्चञ्ज चार पहिया लग्जरी वाहन खरीदी, अपने गांव डूमरपाली के आसपास के गांव बेलरिया, बनोरा आदि में जमीन खरीदने के समाचार मिल रहे हैं. इसके द्वारा भी रुपए कहां-कहां पर इन्वेस्ट किए गए यह पुलिस जांच से ही स्पष्ट हो सकेगा.

### ठगी की आड़ बन गया मीडिया और एनजीओ

रंजीत ने लोगों को ठगने के लिए सबसे पहले मीडिया का सहारा लिया और शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों विशेष कर पुलिस विभाग में अपनी पैठ जमानी शुरू कर दी. फर्राटेदार इंग्लिश बोलने वाले रंजीत की शक्ल सूरत रहन-सहन हाव भाव से कोई नहीं भांप सका कि भोली सूरत के पीछे बहुत बड़ा शैतान छुपा हुआ है. रंजीत ने अपनी मदद के लिए ओल्ड सागर बंगाली कॉलोनी में रहकर फुटपाथ पर मछली का व्यवसाय करने वाले सुदीप मंडल को अपनी और आकर्षित कर ऐसा फंसाया कि शादीशुदा बीवी बच्चों वाला सुदीप अपने परिवार से ज्यादा रंजीत को चाहने लगा और रंजीत के कहने पर उसने भोले वाले ग्रामीण, महिलाओं, युवतियों, बेरोजगारों को ठगना शुरू कर दिया. रंजीत और सुदीप पूरे रायगढ़ जिले में विभिन्न चैनलों की माइक आईडी लेकर घूमने लगे और अपने विशेष गुरु की सलाह पर एनजीओ का रजिस्ट्रेशन करवा लिया. इसके बाद मीडिया एवं एनजीओ की आड़ में ठगी करने का गोरख धंधा शुरू कर दिया.

### बैंक खाते में जमा 10 करोड

सन 2023 में रंजीत और सुदीप के असीम कृपा फाऊंडेशन के नाम से खोले गए स्टेट बैंक के खाते में 1 दिसंबर 2023 में मात्र 22, 000 ही थे. लेकिन 7 जून 2024 में इनके बैंक खाते में 9, 89, 53, 563 (9 करोड़ 89 लाख 53, 000 हजार 563 रुपए) किस मद से और कहां से जमा हुए. यह बहुत ही गहराई से छानबीन का विषय है.

### पुलिस ने की पूरी मदद

असीम छाया एनजीओ की आड़ और मीडिया चैनल की आड़ लेकर ठगी करने वालों रंजीत और सुदीप के क्रियाकलापों को जब ठगी का शिकार बन चुके लोगों ने अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने अपने द्वारा दिए गए रुपए वापस मांगने शुरू कर दिए. तब उनके द्वारा असीम छाया के संयुक्त खाते और रंजीत ने अपने खाते से चेक देना शुरू कर दिया. इनके द्वारा दिए गए चैंकों को सभी बैंकों के द्वारा अलग-अलग कारण बताते हुए वापस कर दिए जाते रहे. स्वयं से ठगी का पुख्ता एहसास हो जाने पर ग्रामीणों ने पुलिस थानों का रुख किया और लिखित आवेदन दिया जाने लगा. मगर 2 साल लगभग बीत जाने पर भी पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई इनके ऊपर नहीं की गई. तब एक युवक उत्तम प्रधान ने हिम्मत दिखाते हुए ऊपर तक लिखित शिकायत पहुंचा दी. ऊपर से रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश आने के बावजूद लगभग 15 दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं होने की वजह से उत्तम प्रधान ने फ़िर से शिकायत की तब दबाव की वजह से चक्रधर नगर थाने में रंजीत के खिलाफ420 का पहला मामला दर्ज किया गया. उसके दो दिन के बाद ही राज किशोर साहू का दूसरा मामला 318 का दर्ज किया गया. मगर रंजीत के द्वारा सरकारी दस्तावेजों के साथ खिलवाड़ करने का मामला दबा दिया गया था. तब मीडिया के द्वारा थाना प्रभारी को बताया गया तो कहीं जाकर 467 468 471 की धाराएं भी जोड़ दी गई. इस बीच रंजीत और सुजीत रायगढ़ से फरार हो गए. जीने ढूंढ निकालने के लिए पुलिस के द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया.

## फिटनेस के लिए किया साइकिलिंग का आयोजन



**बीजापुर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खेलो इंडिया योजना के तहत् फिटनेस को हमारे जीवन में शामिल करने के लिए 06 अप्रैल 2025 को 'संडे ऑन सायकलिंग' अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस द्वारा कार्यक्रमों एवं सामुदायिक गतिविधियों और जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज नारे का उपयोग करके फिटनेस एवं दैनिक शारीरिक गतिविधियों के महत्व के बारे में आम नागरिकों को जागरूक करना है। आयोजन में जिला बल एवं 15वी वाहिनी छसबल ने हिस्सा लिया। सायकलिंग लोहा डोंगरी से प्रारंभ होकर कलेक्टर कार्यालय, कॉलेज, जैतालुर, जनपद कार्यालय होते हुए लोहा डोंगरी में समाप्त हुआ। इस दौरान सुरक्षा बलों के द्वारा योजना के तहत् फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज नारे को फ्लैक्स के माध्यम से प्रचारित किया गया।

# शहर में निकली यादगार श्रीरामनवमी शोभायात्रा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़,7 अप्रैल।** अनंत ब्रम्हांड के महानायक, सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु के सातवें अवतार करोड़ों हिंदुओं के आराध्य देव तीनों ब्रम्हांड में सर्वत्र पूजनीय जन ङ्क जन के आराध्य देव की जयंती श्री रामनवमी महापर्व का पावन त्योहार है और जन ङ्क जन को भगवान श्रीराम के प्रति अटूट आस्था भी है। वहीं नवमीं तिथि को माता भवानी के नौवें रुप की भी आराधना पूजा की जाती है। आज 6 अप्रैल को माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना व महाभंडारा के पश्चात करोड़ों हिंदू श्रद्धालुओं ने व शहरवासियों ने आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम रामलला की पूजा शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजे से दोपहर 1:35 बजे तक श्रद्धा व उत्साह के साथ पूजा अर्चना केतकी के फूल, चंपा, मालती, कमल, गेंदा, गुलाब और कुंद के फूल, तुलसी, बिल्वपत्र, कुशा, शमी और भृंगराज के पत्ते व विभिन्न प्रकार के मिष्ठान्न भोग अर्पित व महाआरती, रामायण पाठ, माता सीता, हनुमान जी की पूजा कर अपने ङ्क अपने घर व मंदिरों में श्रीराम जन्मोत्सव को बड़ी श्रद्धा से मनाए और श्रद्धा के दीपों से अपने घर ङ्क द्वार को रौशन किए व समूचा अंचल प्रभु श्रीराम के जयकारे से गुंजित हो गया।

**महापर्व है श्री रामनवमीं :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का राम नवमीं का महा पर्व हमारे देश के अतिरिक्त विश्व के अनेक देशों में बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं पुराणों में उल्लेख है कि चैत्र मास की नवमी तिथि को भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म त्रेतायुग में अयोध्या के महाराजा दशरथ के यहां हुआ था।और उनके ज्येष्ठ सुपुत्र माना जाता है। यही कारण है कि इस पवित्र दिन को राम नवमीं महापर्व कहा जाता है और श्रद्धा व विधि विधान के साथ भगवान राम की पूजा अर्चना और रामायण का पाठ और राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और सभी तरह के रोग व कष्ट से मुक्ति मिलती है। वहीं शास्त्रों के मुताबिक इस दिन व्रत करने से ज्ञान, पवित्रता, बुद्धि, धैर्य शक्ति का विस्तार होता है और धन धान्य में वृद्धि भी होती है. साथ ही सभी ग्रह-नक्षत्रों का शुभ फल प्राप्त होता है और सभी कार्य भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से संपन्न होते हैं साथ ही मोक्ष की प्राप्ति भी होती है। यही वजह है कि करोड़ों हिंदू श्रद्धालुगण आराध्य देव भगवान श्री राम जी की पूजा आराधना पवित्र मन व हृदय से पुलकित होकर करते हैं।

**स्वर्ग सा सजा सौंदर्य की बिखरी रंगीन छटाएं :** भगवान श्रीराम जी की जयंती श्रीराम जन्मोत्सव को शहरवासी अत्यंत श्रद्धा, उत्साह व भव्यता के साथ मनाते हैं जिसकी ख्याति पूरे छत्तीसगढ़ में है। वहीं विगत 2014 से शहर के हिंदु समाज के श्रद्धालुगण इसे और भी भव्यता दे रहे हैं वहीं इस बार भी श्रीराम नवमीं आयोजन समिति के सभी सदस्यगण व शहरवासी श्रीराम जन्मोत्सव की खुशी में पूरे शहर को खूबसूरत झालरों, तोरण, भगवा ध्वज, भगवान श्रीराम की प्रतिमा व फूलों के मनभावन हार से सजाए हैं। जिसकी खूबसूरती ने हर किसी के मन और हृदय को आकर्षित व आनंदित किया। वहीं श्रद्धालुओं को यह भान हुआ कि आज शहर में आराध्य देव प्रभु श्रीराम अवतरित हुए हैं।

**नटवर स्कूल मैदान से निकली ऐतिहासिक शोभा यात्रा :** शहरवासियों को भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा का हृदय से इंतजार था और इस ऐतिहासिक यादगार मनभावन शोभा यात्रा में हिंदु समाज के हर उम्र के लोगों में खुशी साफ झलक रही थी। जैसे ही श्रीराम नवमीं आयोजन समिति द्वारा आयोजित ऐतिहासिक शोभा यात्रा की घड़ी करीब आई व शाम चार बजे के पूर्व से ही नटवर स्कूल मैदान में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी और देखते ही देखते भक्तों का अनंत जमावड़ा हो गया और समूचा शहर भगवान श्रीराम के नारे, मधुर गीत व जय ङ्क जय श्री राम से गुंजायमान हो गया।

**विधि विधान से हुई शस्त्र पूजा :** भगवान श्रीराम शोभा यात्रा के नटवर स्कूल मैदान में पंडित दुर्गेश दुबे के सानिध्य में विधि विधान से शस्त्र पूजा ङ्क अर्चना की गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा से भाग लिया। वहीं पूजा ङ्क अर्चना व महाआरती के बाद नटवर स्कूल मैदान जय ङ्क जय श्रीराम के जयकारे से गुंजित हो गया। इसके पश्चात भव्य शोभायात्रा निकली।

## अटल सदन में भाजपाइयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस, कार्यालय में फहराया ध्वज



**बीजापुर, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस भाजपा जिला कार्यालय समेत भाजपाइयों जिले के सभी मंडलों में मनाया। भाजपा जिला कार्यालय बीजापुर में वरिष्ठ भाजपा सदस्य सेवाराम बूत, जिलाध्यक्ष घासीराम नाग और पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने पार्टी का ध्वज फहराया, और कार्यकर्ताओं में मिठाइयां बाँटी। वहीं स्थापना दिवस के अवसर पर नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए संबोधित किया। वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने पार्टी की स्थापना और स्थापना पूर्व की देश मे घटित घटनाओं को बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के स्थापना का उद्देश्य सिद्धान्त और पार्टी की पृष्ठ भूमि को बताया, साथ ही जनसंघ, जनता पार्टी के लिए संघर्ष किये नेताओं की संघर्ष और उनके सिद्धान्तों को अनुसरण करते हुए पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्यकर्ताओं को कार्य करने की बात कही। तथा भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर आज वर्तमान में भाजपा कहाँ है इस पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्व संबोधन दिया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष घासीराम नाग ने स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पार्टी के लिए निस्वार्थ भाव और पार्टी की अंत्योदय भाव को मन में लिए कार्य करने की बात कही साथ ही 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक संगठन विविध कार्यक्रम करेगी जिसकी जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री सतेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा सदस्य सेवाराम बूत, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा, जिला मंत्री जागर लक्ष्मइया, पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला सदस्य मैथियस, भुवन सिंह चौहान, सुंदर पुजारी, हितेश साहनी, मुन्नालाल जुमड़े, बसन्ती, यशोदा, सुगंती, राधा, सत्यवती परतागिरी, सुनील साहू, यशराज, हरीश बेलसरिया, बाबू स्वामी, विक्रम दूधी, पुरुषोत्तम भंडारी, गोलू नाग, अमित राव, एरना अनमूल, संदीप तेलम, बुदरु तेलम, जितेंद्र तेलम समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन अलर्ट

**रायगढ़, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बाल विवाह रोकने हेतु कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला प्रशासन अलर्ट पर है। रामनवमी एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाहों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। इसे रोकने के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत, पुलिस, चाईल्ड हेल्प लाईन को अलर्ट किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर सभी परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सर्तक रहने हेतु निर्देशित किया गया है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर उन्हें समझाईश दिया जाएगा। समझाईश के पश्चात भी यदि बाल विवाह कराया जाता है, तो संबंधितों को बाल कल्याण समिति रायगढ़ में प्रस्तुत किया जाकर उनके विरूद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। बाल विवाह कराने वाले, सहायता करने वाले तथा बाल विवाह में शामिल होने वालों को 02 वर्ष का कठोर करावास एवं 01 लाख रुपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री और राज्य के अधिकारी विकास कार्यों का करेंगे औचक निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 7 अप्रैल।** शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय ने राज्य में सुशासन त्यौहार2025 के रूप में मना रही है जहां वे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का आवश्यक निरीक्षण करेंगे और संबंधित कार्यों में होने वाले विभिन्न शिकायत व भष्टाचार की जानकारी के लिए विभिन्न स्थानों पर शिकायत पेटी लगाएंगे तथा समस्या समाधान शिविर कभी आवेदन लेंगे और उनकी शिकायत के एक माह के अंदर समस्याओं का समाधान करेंगे या फिर जो भी स्थितियां होगी उससे आवेदन कर्ता को अवगत कराएंगेइस संबंध में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम मंच बनेगा, जिससे विकास कार्यों में गति और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकेगा। इस तिहार के माध्यम से हम जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करेंगे और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उन्हें प्रशिक्षण दे। साथ ही शिविर के लिए प्रभारी नियुक्त करें। सुशासन तिहार के बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार, मुनादी कराये। आवेदकों से अलग-अलग विषय से संबंधित अलग-अलग आवेदन प्राप्त करें। प्रत्येक दिन के प्राप्त आवेदनों को उसी दिन एन्ट्री कराये। इसके लिए दो पालियों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों की ड्यूटी लगाये। जनपद कार्यालय में पर्याप्त मात्रा में कम्प्यूटर का सेटअप रखे। आवेदनों के निराकरण में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अरविन्द पाण्डेय, श्री प्रकाश राजपूत, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**सुशासन तिहार-2025 की प्रमुख विशेषताएं :** कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि सुशासन तिहार-2025 का पहला चरण 08 से 11 अप्रैल 2025 तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था की जाएगी और आवेदनकर्ताओं को पावती दी जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित अधिकारियों द्वारा इन्हें एक माह के भीतर निराकृत किया जाएगा। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इनका समाधान सुनिश्चित करना होगा।

**समाधान शिविर:** समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से 31 मई 2025 तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी और जहां संभव होगा, वहीं समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। इस तिहार में सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

**विकास कार्य का निरीक्षण:** मुख्यमंत्री और राज्य के अधिकारी जिले में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण भी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो रहा है और लोगों को लाभ मिल रहा है।

# राम जानकी मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री रामनवमी महोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 7 अप्रैल।** नगर के हृदय स्थल श्री राम जानकी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामनवमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों को झालर लाइट एवं पुष्प माला से सजाया गया था मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी को पुष्प माला से सजाया गया था प्रातः से ही भक्तगण दर्शन करने मंदिर पहुंचे शिक्षक मानस परिवार द्वारा भजन संकीर्तन तत्पश्चात 12:00 बजे श्री रामलला जन्मोत्सव रामनवमी का प्रकट उत्सव हुआ श्रीराम जी की स्तुति, मंगल महाआरती, बधाइयां हुआ बधाइयां में सभी धर्म प्रेमी झूम उठे, एक दूसरे को श्रीराम रामनवमी का बधाई भी दिया साथ ही सुंदर झांकी भी बनाया गया था और बधाइयां पश्चात हलवा महाप्रसादी बांटा गया, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख से समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह जी, पुजारी पंडित यज्ञेश प्रसाद पांडेय, विशेश्वर दीवान, लखनतिवारी, कामता प्रसाद तिवारी, सफर सचदेव, शीतल ध्रुव, गोपाल सोनी, मिथिलेश सिंहा, आखिल चौबे, नीरज नायक, गणेशू साहू, ईश्वर सिंहा, विक्कू चंद्राकर, हीरालाल साहू, विनोद देवांगन, ललित वर्मा, पोषण वर्मा, घनश्याम सिंहा, रोहित जगत, रुपेश शर्मा, देवनारायण यादव यश सिंहा, कैलाश पटेल, पुखराज ठाकुर, कृष लाल सिंहा, विमल पुरोहित, कृष्ण कुमार साहू, एकलव्य शर्मा, आदर्श महिला मंडल, शिव शक्ति महिला मंडल, मानस समिति के समस्त पदाधिकारीगण, धर्म प्रेमी श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## हवन एवं भंडारा के साथ श्रीमद देवी भागवत का समापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 7 अप्रैल।** शीतला माता समिति छुरा द्वारा चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर देवी भागवत कथा आयोजन के अंतिम दिवस में यज्ञ हवन एवं भंडारे के साथ समापन हुआ। कथा वाचक रामानुज अनिरुद्ध दास जी का सम्मान विदाई किया गया। यज्ञ पूर्णाहुति में राजा साहब यशपेंद्र शाह एवं रानी महेश्वरी शाह, मुख्य यजमान जोगी राम, देवी ध्रुव समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह, वीरेंद्र पांडेय, धनंजय शुक्ला, लखन तिवारी, रुपेश शर्मा, शीतल ध्रुव, ललित मेहता, हीरालाल साहू, मिथलेश सिन्हा, कुमार ध्रुव, हरक, उत्तम साहू, कोमल सोनी, मितेश दीक्षित, सुभाष बैगा, देश बाई, उषा कवर, बजारू निषाद, कौशल साहू, कुलेश्वरी देवांगन, एलिका सिन्हा, दिनेश्वर प्रसाद शर्मा, रुपेश शर्मा, ईश्वर सिन्हा, लक्ष्मी साहू, गुलाब पटेल, नर्मदा, गणेशु साहू, शिव शक्ति महिला मानस, आदर्श महिला रामायण, शिक्षक मानस परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

## अल्ट्राटेक बैकुंठ में जंवारा विसर्जन एवं श्रीरामनवमी महाआरती आयोजित



**तिल्दा नेवरा, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स मे आज विधि विधान पूर्वक श्रद्धा भक्ति के साथ जवारा विसर्जन किया गया।श्री बैकुंठेश्वर मंदिर पर श्रीराम नवमी पर विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती कर महा प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर एच आर हैड देवाशीष राय चौधरी, टेक्निकल सेल डी एच अशोक मिश्रा, ई आर हैड उदय लाल, उपस्थित रहे। श्रीरामनवमी और जंवारा विसर्जन के शुभ अवसर पर एच आर फंक्शन हैड देवाशीष राय चौधरी ने संबोधित करते हुए कहां कि हम सब पर माता रानी की कृपा एवं भगवान श्रीराम जी की कृपा बनी रहे। हम और हमारा यह संयंत्र उन्नति करते रहे। जन-जन की आस्था के केंद्र प्रभु श्रीराम की कृपा जगत पर बनी रहे। सबका कल्याण हो, यही प्रार्थना है। श्रीराम नवमी का यह पावन पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की शिक्षाओं और आदर्शों को अपने व्यक्तित्व में उतारने के लिए संकल्पित होने का एक अवसर है। धार्मिक आयोजन में गिरिजा शंकर मिश्रा, राजेन्द्र कुमार साहू, गुरूदयाल साहू, ब्रजेश सिंह, शैलेश परमार, अश्वनी सिंह, सुशांता मोहापात्रा, छत्रधारी विश्वकर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा, तुलसी वर्मा, संतोष कुमार साहू, नर्सिंग यदू, मुकेश साहू, दीपक वर्मा, रामकुमार ध्रुव, गोपी कश्यप, महेन्द्र चंद्रवंशी, संदीप सिंह, संजय वर्मा, ईश्वर साहू, तिलक यादव, उत्तम सिंग, ओमप्रकाश सार्वा, आदि। वही महिला वर्ग में कल्पना वर्मा, सीमा वर्मा, शशीकला तिवारी, लक्ष्मी सिंह, रूखमनी करबीया, मीना यादव, श्रद्धा कश्यप, सीमा चंद्रवंशी, के आलावा अल्ट्रा टेक बैकुंठ परिवार के अधिकारीयों कर्मचारियों, कालोनीवासीयो, व क्षेत्रवासियों का योगदान रहा।

## एक नजर

### ग्रामीण से मारपीट मामले में आरोपियों को मदद करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 1 अप्रैल की रात्रि करीबन 12:30 बजे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम देखकर अपने घर वापस आ रहा था, कि इसी बीच आरोपी शत्रुघ्न नवरंगे द्वारा जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती उसे अपनी स्कूटी में बैठाकर अपने घर ले जाया गया। घर पहुंचने पर प्रकरण में शामिल आरोपियों द्वारा, प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर, लाठी-डंडा, जूते चप्पल आदि से मारपीट किया गया है। रिपोर्ट पर थाना हथबंद में अपराध क्र. 66/2025 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीओपी भाटापारा एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में पुलिस की 03 अलग-अलग टीमों का निर्माण कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही पुलिस की टेक्निकल टीम द्वारा भी मामले में फरार आरोपियों के संबंध में पता तलाश प्रारंभ किया गया। इसी दौरान प्रकरण के मुख्य आरोपियों की सहायता करने वाले आरोपी विजय साहू के संबंध में पता चला। आरोपी द्वारा प्रकरण के मुख्य आरोपियों को संरक्षण देने एवं वाहन में पेट्रोल आदि भराने के लिए पैसा भेजा गया। आरोपी विजय साहू द्वारा प्रकरण के मुख्य आरोपियों को संरक्षण देते हुए संश्रय आर्थिक सहयोग करना पाया गया। कि प्रकरण में आरोपी को हिरासत में लेकर विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा प्रकरण के मुख्य आरोपियों को संरक्षण देते हुए, पैसा देकर मदद करते हुए आरोपियों को भागने में सहायता करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 6 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, चेकडेम व पीडीएस की गोदाम का किया निरीक्षण

# सभी निर्माणाधीन कार्यों को समयावधि में गुणवत्तायुक्त पूरा कराएं : इंद्रजीत सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 7 अप्रैल।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल डौण्डीलोहारा विकासखण्ड मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम संबलपुर में निर्माणाधीन फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट, ग्राम परसाडीह में निर्माणाधीन चेकडेम एवं ग्राम झिटिया में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के निर्माणाधीन गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सभी निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित एसडीएम शिवनाथ बघेल, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्य का सतत् मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर निर्माण कार्य को समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट परिसर में पौधरोपण कराने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान चन्द्रवाल ने ग्राम परसाडीह पहुँचकर परसाडीह नाला में जल जतन अभियान के अंतर्गत निर्माणाधीन चेकडेम का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्माण कार्य के प्रगति के अलावा इस चेकडेम के निर्माण कार्य पूरा हो जाने से ग्रामीणों को होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि इस चेकडेम के निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को निस्तारी हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा इस चेकडेम के माध्यम से आसपास के खेतों में सिंचाई हेतु पानी की समुचित आपूर्ति भी सुनिश्चित हो सकेगा। जिससे आसपास के खेतों में ग्रीष्म ऋतु में भी शाक, सब्जी एवं अन्य फसलों का उत्पादन करने में सहुलियत होगी। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग 03 कि.मी. लंबी इस नाले में एक-एक कि.मी. के अंतराल में चेकडेम का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि चेकडेम का निर्माण कार्य 15 मई तक पूरा हो जाएगा। इसके पश्चात् कलेक्टर चन्द्रवाल डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम झिटिया पहुँचकर शासकीय उचित मूल्य की दुकान के निर्माणाधीन गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निर्माणाधीन भवन में केवल फिनिशिंग का कार्य शेष रह गया है, इसके अलावा अन्य सभी कार्य पूरा हो गया है।



## अतिक्रमण पर जिला प्रशासन की सख्ती खिलोरा में चला शासन का बुलडोजर

**तिल्दा नेवरा, 7 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि के अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर रविवार को तहसील सिमगा के ग्राम खिलोरा में अवैध अतिक्रमण के प्रयासों पर राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चलाकर मुक्त कराया।

सिमगा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंशुल वर्मा ने बताया कि ग्राम खिलोरा के ग्रामीणों से राईस मिलर रौनक अग्रवाल के द्वारा किए जा रहे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी प्राप्त हुई।कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एसडीएम सिमगा के द्वारा तहसीलदार सिमगा के नेतृत्व में दल बना कर विवादित भूमि का नाप कर तत्काल उचित कार्यवाही हेतु आदेश जारी किया गया।राजस्व दल द्वारा मौके पर विवादित भूमि का नाप-जोख किया गया एवं की गई जांच के आधार पर शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण के प्रयास को बुलडोजर चला कर तत्काल रोक गया। कार्यवाही के दौरान ग्राम खिलोरा के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि तिल्दा निवासी राइस मिलर रौनक़ अग्रवाल द्वारा ग्राम खिलोरा में जमीन खरीदकर राईस मिल स्थापित किया जा रहा है। मिलर के द्वारा खरीदी गई जमीन के साथ शासकीय जमीन पर पोल गाड़कर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक:**
**202503093400014**
विषयः-ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 (हे0)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार-आमना परवीन
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका आमना परवीन आ. शेख ईसाक जाति मुसलमान सा. वार्ड नम्बर 20 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के पुत्र शेख असफाक आ. शेख ईसाक का जन्म दिनांक 30.09.2003 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 08.04.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I ZAHID HASSAN S/o MOHAMMAD TAHER HASSAN resident of Raipur (C.G.) PIN 492001 (C.G.) have changed my old name ZAHID HASSAN S/o MOHAMMAD TAHER HASSAN So in future I should be recognized by my new name ZAHID HASSAN S/O MOHAMMAD TAHER HASSAN in all government and other documents.

ZAHID HASSAN
RAIPUR (C.G.)


# ऑपरेशन विश्वास : शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर हुई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 7 अप्रैल।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 05.04.2025 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 13 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 13 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इस वर्ष 2025 में दिनांक 05.04.2025 तक की स्थिति में शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 468 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है, जिसमें न्यायालय द्वारा कुल ?42, 39, 000 का अर्थदंड दिया गया है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

# छुरा में भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता

**छुरा, 7 अप्रैल।** भाजपा मण्डल छुरा में भारतीय जनता पार्टी का 46 वें स्थापना दिवस का कार्यक्रम नगर के वार्ड 4 में अटल चौक में भारत माता, पं.दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डां.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया, इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर ने सभी से आव्हान करते हुए कहा कि सन् 1980 से भारतीय जनता पार्टी के स्थापना से लेकर अब तक भाजपा ने अपने नेताओं के बलिदान और कार्यकर्ताओं के तपस्या से आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अंकित हुई है, हम सभी को अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए पार्टी को सदैव मजबूती प्रदान करने का कार्य करना है, और पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के आदर्शो का अनुसरण करने आग्रह किया।

इस अवसर पर उपस्थिति रहे वरिष्ठ भाजपा नेता तुलाराम साहू, रितुराज शाह, समारू साहू, चमन साहू, राकेश शर्मा, तुलसी राम साहू, सरवर खान, गणेशु साहू, पार्षद बलराज पटेल, ओंकार सोनी, रिंकू सचदेव, जितेन्द्र ध्रुव, दुलम बाई ध्रुव, पार्षद रजनी लहरें, पार्षद संगीत दीक्षित, संतोषी साहू, वेदिका वासनिक, भगवती दीवान, मीना चन्द्राकर अजमेर खान, कादर खान, पार्षद भोलेशंकर जायसवाल, मनोज चन्द्राकर, इमरान मेमन एवं भाजपा के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।






**नाम परिवर्तन**

मैं सरस्वती Saraswati उर्फ सरस्वती गेंदले Saraswati Gendle उम्र 53 वर्ष पति संतराम Santram उर्फ संत राम गेंदले Sant Ram Gendle जाति सतनामी, ग्राम दौरेंगा नयापारा, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. की निवासी हूँ।

शपथकर्ता तथा उसके पति के नाम पर एक ज्वाईंट सेविंग खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा भाटापारा, तहसील भाटापारा, में खाता कमांक 3101143331 दर्ज हैं, जिसमें शपथकर्ता का नाम Sarswati Bai W/o Sant Ram दर्ज हैं।

मेरा वास्तविक नाम सरस्वती पति संतराम है तथा मेरा घरेलू नाम सरस्वती गेंदले उर्फ सरस्वती बाई पति संत राम गेंदले हैं।

मेरे नाम पर भारत शासन द्वारा आधार कार्ड 2703 2211 2435 तथा आयकर विभाग द्वारा पेन कार्ड क्रमांक EUQPS7582M जारी किया गया जिसमें मेरा नाम सरस्वती Saraswati पति संतराम Santram दर्ज है तथा मेरे नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा दो पालिसी क्रमांक 358003874 एवं 358003875 जारी किया गया है, जिसमें मेरा नाम Saraswati Gendle W/o Sant Ram Gendle दर्ज हैं।

सरस्वती Saraswati पति संतराम Santram तथा सरस्वती गेंदले Saraswati Gendle पति संत राम गेंदले Sant Ram Gendle तथा संत राम गेंदले Sant Ram Gendle तथा सरस्वती बाई Sarswati Bai पति संत राम Sant Ram तीनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं अर्थात मेरा ही नाम है। मैं तीनों नामों से जानी पहचानी जाती हूं। मुझे भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा जारी दोनों पालिसी में मेरा नाम Saraswati Gendle W/o Sant Ram Gendle दर्ज है के स्थान पर मेरा वास्तविक नाम Saraswati पति Santram दर्ज कराने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत हैं।

**दिनांक 07 अप्रैल 2025**

शपथकर्ता
सरस्वती


### कुसुमकसा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर प्रांगण में मनाया स्थापना दिवस

# भाजपा का कार्यकर्ता होना हमारे लिए गर्व की बातः संजय बैस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 7 अप्रैल।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा शिव मंदिर प्रांगण स्थापना दिवस मनाया गया सर्व प्रथम सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ता राम जी की आरती कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया इस आयोजन के प्रभारी बसंत जैन उपस्थित थे, कार्यकर्ताओं द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र में माल्यार्पण अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

कुसुमकसा के बूथ प्रभारी संजय बैंस, संतोष जैन, कमलकांत साहू, पंकज जेठवानी के नेतृत्व में सफल और भव्य आयोजन हुवा कार्यक्रम में डॉक्टर भूपेंद्र मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पार्टी की स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई देता हु जिस तरफअटल जी पार्टी के सिंदांतो में चलकर आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है हम सबके लिए गौरव की बात है पूर्व सरपंच शिवराम सिंदरामे ने कहा कि निश्चित रूप से आज का दिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है जिस पार्टी को हम अनुकरण करते है आज उसका स्थापना दिवस है आज कार्यकर्ताओं के मेहनत से ही आज केंद्र और राज्य में सरकार के साथ पालिका और पंचायत के लोग विजय हुए है अब हमें बेहतर कार्य करके भाजपा को और अधिक मजबूत करना है भाजपा के प्रभारी बसंत जैन ने कहा आज राम जन्मोत्सव के साथ आज भाजपा का भी जन्मोत्सव है।



आज के दिन ही भाजपा का सूर्य उदय हुवा जिसकी चमक पूरे विश्व में बड़ा संगठन के रूप में चमक रहा है ये हम सबके लिए गौरव की बात है कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा कि भाजपा का आज स्थापना दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई और गर्व के साथ हम सब कह सकते है राष्ट्रवादी विचार धारा के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के हम सदस्य है और आप सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर हम हमारी पार्टी को और मजबूती के लिए कार्य करेंगे आज सभी कार्यकर्ता जिनको पार्टी के झंडे के साथ एक पौधा भी हम दे रहे है इसे आपको अपने घरों में लगाना है ताकि हम सबको याद रहे कि पार्टी के स्थापना दिवस के दिन हमने इसे लगाया है जैसे जैसे ये पौधा बड़ा होता जायेगा ये हमे राष्ट्बोध के लिए प्रेरित करेगा प्रदेश की सरकार की योजनाओं को हम सब मिलकर लोगों को लाभ और योजना का प्रचार करके भी हम भाजपा के पक्ष में लोगों को प्रेरित कर सकते है इस अवसर पर भूपेंद्र मिश्रा, शिवराम सिंदरमे, पोषण भूआर्य, मोती सिन्हा, अमाय नागवंशी, हेमिन सिन्हा, हरि ठाकुर, देवराज जैन, गोविंद सिन्हा प्रवीण धनकर, अशोक धर्मगुरु, महेश डडसेना, कमल जगनायक, गोल्डी धनकर, पंकज कोठारी, योगी साहू, सुरेंद्र मंडावी, सालिक धनकर, मिलन सिन्हा, गौरी शंकर साहू, अकील खान, सूरज केसरिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### कार ने बुलेट सवार परिवार को मारी टक्कर, बच्ची घायल



**रायपुर, 07 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित चौक पर रविवार देर शाम दर्दनाक हादसा हुआ. तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी. हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मामला तेलीबांधा थाना इलाके का है. जानकारी के मुताबिक, कार चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था. जब वह वीआईपी रोड के पास पहुंचा तो सामने से आ रही बुलेट बाइक को देख वह नियंत्रण खो बैठा. कार की टक्कर से बाइक पर सवार पति-पत्नी सड़क पर गिर पड़े. हादसे में छोटी बच्ची घायल हो गई. आरोपी चालक नशे में धुत बताया जा रहा है. भीड़ ने की आरोपी कार चालक को पड़क लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद आक्रोशित भीड़ ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया.

### प्रदर्शनी का उद्घाटन

**रायपुर, 07 अप्रैल।** भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज अप्रैल को भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जम्वाल, संगठन महामंत्री श्री पवन साय ने किया। मंत्री श्री टंकराम वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ,प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप जूदेव,किशोर महानंद ,भाजपा नेता अमित मैशरी सहित पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### डॉ. प्रसून मिश्र का साक्षात्कार दूरदर्शन पर

**रायपुर, 07 अप्रैल।** बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसून मिश्र का विश्व स्वास्थ्य दिवस पर साक्षात्कार 7 अप्रेल को दूरदर्शन के रायपुर केंद्र से प्रसारित किया जाएगा. डॉ प्रसून मिश्र एम. बी. बी. एस., डी. सी. एच. डी.एन. बी. हैं तथा एम्स वर्धा, अमरावती,में कार्य कर चुके है तथा वर्तमान में एकता हॉस्पिटल रायपुर में शिशु रोग विशेषज्ञ हैं। डॉ प्रसून ने नवजात शिशुओं की बीमारियों एवं उपचार में विशेष दक्षता प्राप्त की. कोरोना महामारी के समय में 2020, व 2021 में जब महामारी अपने चरम पर थी ,लगातार मेडिकल कॉलेज में कोरोना वार्ड में ड्यूटी करते रहे ,अनेक मरीजों की प्राण रक्षा की. नवजात शिशुओं की बीमारियों पर अनेक रिसर्च पेपर पढ़े एवं पुरस्कृत हुए।



### वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में कैट चलाएगा राष्ट्रव्यापी अभियान

**रायपुर, 07 अप्रैल।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि देश में अब तक के सबसे बड़े चुनाव सुधार को करने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा ÷वन नेशन, वन इलेक्शन÷ (एक राष्ट्र, एक चुनाव) का आह्वान किया गया है जिसको देश भर से व्यापक रूप से समर्थन मिल रहा है । प्रधानमंत्री श्री मोदी की इस ऐतिहासिक पहल के समर्थन में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने देश भर में एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की घोषणा की है जिसके ज़रिए सभी राज्यों में फैले व्यापारी संगठनों के माध्यम से कैट सिविल सोसाइटी के अन्य वर्गों के संगठनों के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय चर्चा शुरू करेगा। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह एक अत्यंत ही दूरदर्शी कदम है, जो देश में राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक मजबूती और सुशासन को सुनिश्चित करेगा वहीं दूसरी ओर देश के व्यापारिक ढांचे को भी स्थिर एवं सुदृढ़ बनाएगा।

### भूपेंद्र सवन्नी को पारवानी ने दी बधाई

**रायपुर, 07 अप्रैल।** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के सदस्य एवं देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी जी से मुलाकात कर उन्हे छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेड़ा) के अध्यक्ष के रुप में पदभार ग्रहण करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पारवानी ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ड्रीम प्रोजेक्ट पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के मार्गदर्शन एवं आपके कुशल नेतृत्व में घर-घर पहुंचेगा।



# छत्तीसगढ़िया किसान जूते से पीटा जा रहा

■ **भाजपा सरकार में पूंजीपतियों का बोलबाला: बैज**



**रायपुर, 07 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार सुशासन तिहार मनाने जा रही है। यही इस सरकार का सुशासन है कि छत्तीसगढ़िया किसान जूते से पीटा जा रहा है, और सुशासन वाली सरकार अपराधियों की संरक्षक बनी हुई है। किसान को मारने वाला धमकी दे रहा, मेरा कलेक्टर, एसपी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में गरीब, किसान, मजदूर ,आम आदमी के साथ आए दिन मारपीट हो रही है। हिंसा हो रही है और इसमें शामिल लोगों को भाजपा सरकार का संरक्षण है।

बलौदाबाजार जिला के सुहेला के ग्राम खिलौरा में राइस मिल के मालिक रोशन अग्रवाल ने अपने गुर्गो के साथ एक गरीब किसान खोरबाहरा जायसवाल को लहूलुहान कर दिया। और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी बैठी रही। किसान की गलती केवल इतनी थी कि उन्होंने सरकारी जमीन के कब्जे के खिलाफ आवाज उठाया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार में पूंजीपतियों का बोलबाला है। यह पहली घटना नहीं है इसके पहले भी भाजपा से जुड़े हुए लोगों ने इस प्रकार की मारपीट की है और उसे पर कड़ी कार्यवाही नहीं हो पाई जिसके चलते हिंसा की सोच रखने वाले लोगों का हौसला बढ़ा है। इसके पहले एक महिला अधिकारी को भी भाजपाई व्यापारी ने धमकाया था।

# रायपुर मास्टर प्लान में गड़बड़ियों की जांच तेज




**रायपुर, 07 अप्रैल।** राजधानी रायपुर की निवेश क्षेत्र विकास योजना यानी मास्टर प्लान-2031 में सामने आई अनियमितताओं और विसंगतियों की जांच अब तेज़ी से आगे बढ़ रही है. विधानसभा में मामला उठने के बाद नगर निवेश विभाग और नगर निगम के अधिकारियों ने उन सभी बिंदुओं की पड़ताल शुरू कर दी है, जो भवन निर्माण की अनुमतियों से संबंधित हैं.

**शिकायतों पर बनी रिपोर्ट पहले ही सौंप दी गई थी**-मास्टर प्लान में की गई गड़बड़ियों की जांच रिपोर्ट पहले ही नगर एवं ग्राम निवेश के संचालक को सौंपी जा चुकी है. रिपोर्ट में कई गंभीर खामियों का उल्लेख किया गया है. रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने विधानसभा में इस मसले को प्रमुखता से उठाते हुए विभागीय मंत्री को पत्र लिखकर आपत्तियों का निराकरण होने तक निर्माण कार्यों पर रोक लगाने की मांग की है.

**समीक्षा बैठक में तय हो रही आगे की रणनीति**-नगर निगम आयुक्त, संबंधित जोन कमिश्नर और नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की जा चुकी है. अधिकारियों के मुताबिक, विधानसभा में उठाए गए मुद्दों की गहन जांच के बाद शासन को अंतिम रिपोर्ट सौंपी जाएगी. इस विषय को शासन स्तर पर भी गंभीरता से लिया जा रहा है.

**2023 में लागू हुआ था मास्टर प्लान-2031**-गौरतलब है कि रायपुर मास्टर प्लान-2031 को 13 जुलाई 2023 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लागू किया गया था. योजना लागू होने के बाद से ही इसमें तमाम गड़बड़ियों को लेकर शिकायतें मिलने लगी थीं, जिनकी जांच के लिए एक विशेष समिति बनाई गई थी. इस समिति को कुल 146 शिकायतें और सुझाव प्राप्त हुए थे. जांच में यह तथ्य सामने आए हैं कि रायपुर के कई पुराने तालाबों की भूमि को गलत तरीके से आवासीय या कृषि क्षेत्र में बदल दिया गया है।

## एनीकेट से ट्रकों के गुजरने पर रोक



**रायपुर, 07 अप्रैल।** बेरलाकला एनीकेट की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने तत्काल इस रास्ते से गुजरने वाली अवैध खनन में शामिल ट्रकों के परिचालन पर रोक लगा दी है। साथ ही जर्जर पुल के मरम्मत के भी आदेश दिया है। स्थानीय लोगों से मिले काफी शिकायतों के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी एवं दुर्ग जिले के जल संसाधन विभाग के इंजीनियर शौर्य ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनीकेट की खस्ता हालत और जगह-जगह गड्ढों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने गंभीर चिंता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एनीकेट की कंक्रीट संरचना बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, और सरियों के बाहर आने से पुल की मजबूती कमजोर हो गई है। इस कारण से यहां से गुजरने वाले वाहनों और आम नागरिकों को हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस स्थिति को देखते हुए, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर प्रदेश में सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाला बैंक



**रायपुर, 07 अप्रैल।** राज्य सरकार के नीतिगत फैसलों और केन्द्र सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ 'सहकार से समृद्धि' की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। सहकारिता विभाग के आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर प्रदेश में सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाला बैंक बन गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर को 216 करोड़ का सकल लाभ अर्जित हुआ है, जो कि विगत वर्ष से 84 करोड़ रूपए अधिक है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अपेक्षा व्यास ने कहा कि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में इस वर्ष का बेहतर लाभार्जन संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि बैंक से संबद्ध हितग्राहियों, किसानों तथा ग्राहकों की सुविधा बैंक के लिए सर्वोपरि है। यही कारण है कि अमानतदारों तथा किसानों के द्वारा बैंक के प्रति विश्वास जाहिर किया गया है। बैंक से संबद्ध 550 सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण के अतिरिक्त मध्यकालीन, दीर्घकालीन ऋण तथा ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेशर, तारफेसिंग आदि के लिए ऋण दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में बैंक द्वारा 3.93 लाख किसानों को 1886 करोड़ का ब्याज मुक्त कृषि ऋण का वितरण किया गया।

## फैन्सी ड्रेस स्पर्धा में बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया



**रायपुर, 07 अप्रैल।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर जैन दादाबाड़ी में आयोजित समृद्धि प्रेजेंट वीरा जॉयलेंड में फेन्सी ड्रेस व 2 मिनट प्ले में गर्वित कोचर 4 वर्ष व दृती बैद 3 वर्षको पुरस्कृत किया गया । गर्वित कोचर ने भगवान महावीर स्वामी के शिष्य अतिमुक्त मुनि का प्ले किया । बालक अतिमुक्त गौतम स्वामी से प्रभावित होकर महावीर स्वामी के पास दीक्षित होते हैं । एक समय अन्य साधुओं के साथ पदयात्रा करते समय कुछ बच्चों को पानी में नाव चलाकर खेलते देखते हैं और स्वयं भी अपने पात्रे को पानी में तैरा कर खेलते हैं । महावीर प्रभु के सम्मुख आने पर अन्य साधुओं के बताने पर प्रभु अतिमुक्त मुनि को इरियावहियम का प्रायश्चित देते हैं । बालक अतिमुक्त मुनि को इरियावहियम के चिंतन में केवलज्ञान की प्राप्ति हो जाती है । गौरव प्रेरणा कोचर के 4 वर्षीय पुत्र गर्वित कोचर को इस 2 मिनट की प्रस्तुति में अतिमुक्त के ड्रेस व प्ले के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया । राहुल सोनल बैद की पुत्री दृती बैद ने प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव की पुत्री ब्राम्ही का रोल प्ले किया , पिता श्री ऋषभदेव जी से शिक्षा प्राप्त कर ब्राम्ही लिपि की शिक्षा जनमानस को दी यही से ब्राम्ही लिपि का आरम्भ हुआ । गर्वित कोचर व दृती बैद को इस सारगर्भित प्ले के लिए पुरस्कृत किया गया।

# कुम्हारी टोल प्लाजा में अवैध वसूली, पूर्व विधायक करेंगे आंदोलन

**रायपुर, 07 अप्रैल।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा द्वारा केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र के माध्यम से कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा को हटाये जाने संबंधित चर्चा हेतु समय की मांग की। उपाध्याय ने कहा कि वे केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर कुम्हारी टोल प्लाजा में चल रहे अवैध वसूली की शिकायत करेंगे एवं जब तक कुम्हारी टोल प्लाजा हटाया नहीं जाता तब तक कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आन्दोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। कुछ दिनों पूर्व एनएचएआई के दफ्तर में जाकर कुम्हारी टोल प्लाजा को हटाये जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किये थे, लेकिन आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। इसीलिए केन्द्रीय मंत्री से चर्चा हेतु समय की मांग की गई है ताकि वस्तुस्थिति से उनको अवगत् कराया जा सके और आगे कहा कि इसके लिए हम अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे और आने वाले दिनों में कुम्हारी टोल प्लाजा से लेकर दिल्ली तक भी प्रदर्शन करेंगे। विकास उपाध्याय ने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा में हो रही अवैध वसूली को लेकर लगातार मुद्दे उठ रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी का दिनांक 19 मार्च 2021 का न्यूज़ है कि सदन में उन्होंने कहा था कि बहुत जल्द संपूर्ण भारत में टोल नाके बंद किये जायेंगे और सिर्फ जीपीएस की सहायता से रोड पर चल रहे वाहनों पर टैक्स लिया जायेगा एवं उन्होंने यह तक घोषणा किये थे कि 60 किलोमीटर के भीतर सिर्फ एक टोल प्लाजा संचालित होगा, लेकिन छत्तीसगढ़ में ही दुर्ग स्थित और राजनांदगांव स्थित टोल प्लाजा की दूरी, कुम्हारी और मंदिर हसौद टोल प्लाजा की दूरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 60 किलोमीटर दायरे वाला जो कथन है वो कितना सही है। उपाध्याय ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र द्वारा सड़के तो बनाई जा रहीं हैं लेकिन आम जनता की जेबों में सीधे डाका डालने का काम सीधे सरकार कर रही है। छत्तीसगढ़ में ही 20 से अधिक टोल प्लाजा संचालित हैं, जनता जब वाहन क्रय करते समय रोड टैक्स दे रही है तो फिर उनसे टोल लेना न्यायसंगत नहीं है।

# 12 दिव्यांगों को जयपुर पैर वितरण

**रायपुर, 07 अप्रैल।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में बीजेएस सीमंधर महिला मण्डल , आदिश्वर बहु मण्डल के संयुक्त मानव सेवा प्रकल्प के तहत 12 दिव्यांगों को जयपुर पैर का वितरण किया गया । पैर कटे दिव्यांगों का नाप लेकर श्री विनय मित्र मण्डल के पचपेड़ी नाका स्थित जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में कृत्रिम पैर बनाए जाते हैं । संस्थापक महेन्द्र कोचर ने बताया कि कु शान्ति को बचपन से जयपुर पैर लगाया जा रहा है , कृत्रिम पैर लगाकर नर्सरी से पढ़ाई करते हुए अभी नवमीं की छात्रा है । जयपुर पैर शांति के जीवन को गति प्रदान कर रहा है । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर मूक पशु पक्षियों व मानव सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दाना फीडर व सकोरे का वितरण किया जा रहा है । मानव सेवा प्रकल्प के तहत हाथ पैर कटे भाई बहनों का परीक्षण कर आज मंदिर प्रांगण में जयपुर पैर का निःशुल्क वितरण किया गया । श्रीमती मंजू कोठारी ने बताया कि अमर चंद लुनिया , सुरेश चंद निर्मला देवी पारख , अतुल्य कुमार तरंग सेठिया , शांति लाल नंदा बरमट , सुशीला छाजेड़ ने जयपुर पैर हेतु सहयोग प्रदान किया।

विशाल दिव्यांग शिविर में खरतरगच्छ महिला परिषद की राष्ट्रीय संगठन मंत्री मंजू कोठारी , अध्यक्ष करुणा सिंघी , सीमंधर महिला मंडल से नेहा श्रीश्रीमाल, रश्मि डागा, स्नेहा बरडिया, अनीता सेठिया, सुशीला छाजेड़, नन्दा बरमट और ऋतु डाकलिया आदिश्वर बहु मंडल से मंजू लता बरडिया, मंजू बरडिया, सपना लुंकड़, रेखा सोनी, डिंपल बरोटा और कांता निमाणी ने सक्रिय भूमिका निभाई।



## दिवाकर बने छग ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अजय, आकाश, बिहारी व सुषमा महासचिव



**रायपुर, 07 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति की आम बैठक में नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। पूर्व अध्यक्ष श्री विनय तिवारी के कार्यकाल की समाप्ति के बाद श्री दिवाकर तिवारी को सर्वसम्मति से संगठन का नया प्रांत अध्यक्ष चुना गया, साथ ही, श्री बिहारीलाल शर्मा, श्री अजय शर्मा, श्री आकाश दुबे श्रीमती सुषमा तिवारी को संगठन के महासचिव और भारतरत्न तिवारी को उपाध्यक्ष तथा नीरज दुबे को कोषाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कमलेश शर्मा ,राहुल शर्मा ,सुनीता नीतू ,मनोज शर्मा, आदित्य मिश्रा, लक्ष्मीकांत शर्मा ,शैलेश मिश्रा ,एन पी उपाध्याय ,संजय दुबे अमिताभ दुबे का नाम प्रस्तावित किया गया इसके अलावा, डॉ. संध्या तिवारी को महिला प्रकोष्ठ की प्रांताध्यक्ष चुना गया। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति प्रदेश की सबसे पुरानी एवम लब्ध प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन है, जो समाज सेवा, शिक्षा और सांस्कृतिक उन्नयन के क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने तथा समाज हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

यह जानकारी महासचिव अजय शर्मा ने दी।

## घर-घर झंडा लगाओ अभियान की शुरुआत

**रायपुर, 07 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को समर्पित करते हुए आज बेमेतरा जिले में ÷घर-घर झंडा लगाओ÷ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपने निवास स्थान ग्राम नेवनारा से की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्थानीय विधायक दीपेश साहू पहुँचे और ईस अवसर सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है । ईस मुकाम में पार्टी को पहुँचाने के लिये भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहाँ है । और आज हम सब भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस मना रहे है ।हम सब के लिये सौभाग्य की बात है ॥ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सदस्य है । अभियान के तहत कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराया और पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा, समर्पण




पर विधायक दीपेश साहू ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी स्थापना दिवस की बधाई दी और कहाँ मे आज भारतीय विधायक हु तो जनता पार्टी के और कार्यकर्ताओं के कारण हु ईसलिये पार्टी से बड़ा कभी नहीं समझना चाहिये और पार्टी के हर आदेश का पालन करते हुये पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान करना चाहिए। और आज ईस कार्यक्रम मे सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।और कल्पना योगेश तिवारी ने संबोधित करते हु भारतीय जनता पार्टी आज 6 अप्रैल 1980 हुआ था और उस समय 1984 मैं भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा मे 4 सीट थी और आज विश्व में एवं आस्था का प्रदर्शन किया। कल्पना योगेश तिवारी ने इस अवसर पर भाजपा स्थापना दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीति, नीयत और नेतृत्व के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आग्रह किया। माना जा रहा है कि नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में यह अभियान बेमेतरा जिले में पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होने वाला है। इस बारे में पूछे जाने पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि हमने अपने घर पर झंडा लहरा दिया है, अपने गांव में अलख जगा दिया है।

# सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का पहाड़, बदबू से परेशान हैं ग्रामीण

**रायपुर, 07 अप्रैल।** धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे,सकरी के सरपंच सोनल प्रशांत कुर्रे,छेत्रिय जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू,अरूण लहरी जागेश्वर कुर्रे ने रायपुर शहर से निकलने वाले कचरे का विधानसभा से लगे सकरी टीचिंग ग्राउंड में रामकी कंपनी के द्वारा कचरो का पहाड़ खड़े किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड को शिकायत करते हुए कहा कि रायपुर शहर के सफाई और कूड़ा निस्तारण पर 7 वर्ष में करोड़ो रुपये खर्च हो गए फिर भी शहर से निकलने वाले 500 टन कचरों का निस्तारिकरण नही हो पा रहा है। इस हिसाब से लगभग 7 वर्षो से सकरी ट्रिचिंग ग्राऊंड में लाखो टन कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया। नगर निगम रायपुर शहर से रोज 500 टन कूड़ा उठाने का दावा करता है, लेकिन इसके मुकाबले प्रतिदिन निस्तारण से बचे कचरा पहाड़ के रूप में खड़ा होते जा रहा। इस बदबूदार कचरे के पहाड़ से सकरी,तुलसी बाराडेरा हाउसिंग बोर्ड कालोनी धनसूली, संस्कार सिटी धनसूली, पिरदा, हाउसिंग बोर्ड कालोनी पिरदा नरदाहा, लोहराभाठा, गाँव सहित आवासीय कॉलोनी के हवा और पानी में जहर घुल रहा है पर जिम्मेदारों को फिक्र नहीं है।पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे बताया कि रिंग रोड नम्बर 3 संस्कार सिटी से लगे ग्राम सकरी में प्रदेश में तत्कालीन भाजपा सरकार के समय 2011 में नगर निगम रायपुर ने कचरा निष्पादन प्लांट लगाने जमीन की मांग किया था जिसे सकरी के तत्कालीन सरपंच कमलेश्वरी तिहारु सिन्हा सहित ग्राम तुलसी के सरपंच द्वारका साहू ग्राम पिरदा के सरपंच, धनसूली के सरपंच ने संयुक्त रूप से विरोध जताते हुए कचरा प्लांट नही लगाने रायपुर तहसीलदार को आपत्ति दर्ज किए थे। तत्कालीन सरपंचों का आपत्ति को दरकिनार करते हुए आखिरकार तहसीलदार ने नगर निगम रायपुर को कचरा निष्पादन के लिए जमीन आवंटन कर दिया। इसके बाद सरोना टीचिंग ग्राउंड से सकरी टीचिंग ग्राउंड में रायपुर शहर का कचरा आने लगा। धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे बताया कि नगर निगम रायपुर एवं रामकी कंपनी के द्वारा ग्राम सभा मे बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के सकरी में कचरा प्लांट लगाया गया है जिसका विरोध करते हुए सकरी के सरपंच कमलेश्वरी सिन्हा रायपुर जिला पंचायत सदस्य संतोषी पप्पू बंजारे सहित आसपास के सरपंचों ने 2016 में हाईकोर्ट में मामला दायर किया है इसकी सुनवाई आज भी लंबित है।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26